RNI No. MPHIN/2016/67534
दैनिक
रुद्रांश दर्पण
समाचार-पत्र
को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिले एवं तहसील में ब्यूरो एवं एजेंसी नियुक्त करना है। पत्रकारिता के अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें
प्रधान संपादक अंतरिक्ष पवार
सम्पर्क 8770227143 8109227153

भोपाल से प्रकाशित और छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश व राजस्थान से प्रसारित

RNI No. MPHIN/2016/67534

# दैनिक रुद्रांश दर्पण

संपादक : अंतरिक्ष पवार

**सुविचार**

कर्म की उत्पत्ति विचार में है, अतः विचार ही महत्वपूर्ण हैं।

वर्ष-9, अंक-177 | भोपाल, शुक्रवार 20 सितम्बर 2024 | पृष्ठ-08 मूल्य-2 रु.

**आस्था से खिलवाड़! आंध्रप्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू के आरोप से मचा हड़कंप**

## तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में जानवरों की चर्बी ?

एजेंसी

**हैदराबाद।** आंध्रप्रदेश के तिरुपति स्थित तिरुमाला मंदिर के प्रसाद के लिए इस्तेमाल हुए घी में एनिमल फैट मिला है। एक लैब रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पिछली सरकार पर तिरुमाला के प्रसाद में मिलावट करने का आरोप लगाया। इस आरोप से हड़कंप मच गया है, क्योंकि यह आस्था से खिलवाड़ का मामला है। सीएम चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी ने सेंटर ऑफ एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड (सीएएलएफ) लैब की रिपोर्ट जारी करके हुए बताया है कि वाईआरएस पार्टी की सरकार के समय तिरुपति मंदिर के प्रसाद के तौर पर लड्डुओं में इस्तेमाल किए गए घी में पशुओं की चर्बी मिली है। सीएएलएफ लैब रिपोर्ट के मुताबिक, घी में फिश ऑयल और बीफ टैलो के अंश मिले हैं। इसमें कुछ मात्रा में लार्ड भी मिला है। लार्ड सूअर के फैटी टिश्यू से निकाला गया सेमी सॉलिड व्हाइट फैट होता है। तिरुपति मंदिर भगवान विष्णु के अवतार श्री वेंकटेश्वर को समर्पित है। यह मंदिर तिरुपति जिले में तिरुमाला पहाड़ी पर बना है। यह तिरुपति बालाजी मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर का संचालन तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) करता है।



### अब पवित्रता की रक्षा के लिए कर रहे कड़ी मेहनत

चौंकाने वाली बात यह है कि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम में यह प्रसाद न सिर्फ श्रद्धालुओं को दिया जाता है, बल्कि यही लड्डू भगवान को भी चढ़ाया जाता है। लैब रिपोर्ट के हवाला देते हुए मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने लड्डुओं को बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले घी में एनिमल फैट को वाईआरएस कांग्रेस और पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी की आलोचना की है। सीएम ने कहा कि हालांकि अब हम प्रसादम में शुद्ध घी का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की पवित्रता की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### राजनीतिक फायदा उठाने का आरोप

वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता बी. करुणाकर रेड्डी ने गुरुवार को कहा कि सीएम नायडू ने केवल राजनीतिक फायदा उठाने के लिए तिरुपति मंदिर के लड्डुओं को बनाने में घटिया सामग्री और पशु चर्बी के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। तिरुपति में विश्व प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर मंदिर के दो बार अध्यक्ष रह चुके बी. करुणाकर रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू ने विपक्षी पार्टी और राज्य के पूर्व सीएम वाईएस जगन मोहन रेड्डी को निशाना बनाने के उद्देश्य से ऐसा कहा है।

**पूरे विश्व में छाया मप्र का सरकारी स्कूलः** इंटरनेशनल लेवल पर नवाचार के लिए दिए जाने वाले अवॉर्ड 'द वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइजेस' में चयन

## दुनिया के टॉप-3 स्कूलों में आया रतलाम का सीएम राइज स्कूल

**रतलाम।** रतलाम के सीएम राइज विनोबा स्कूल को नवाचार श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल हुआ है। विनोबा स्कूल ने न सिर्फ जिले या मध्यप्रदेश का बल्कि देश का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। बड़े-बड़े विश्व स्तरीय स्कूलों को पछाड़कर रतलाम का यह शासकीय स्कूल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त करने में सफल हुआ है। दरअसल इंटरनेशनल लेवल पर एजुकेशन फील्ड में दिए जाने वाले अवॉर्ड 'द वर्ल्ड्स बेस्ट स्कूल प्राइजेस' में इस स्कूल का सिलेक्शन पूरे देश में इनोवेशन कैटेगरी में हुआ है। यह अवॉर्ड ग्लोबल ऑर्गनाइजेशन 'टी-4 एजुकेशन' देती है। गुरुवार को टी-4 अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा विभिन्न कैटेगरी में पुरस्कार पाने वाले स्कूलों की घोषणा की गई, जिसमें सीएम राइज विनोबा स्कूल का नाम भी शामिल है। शिक्षक गजेंद्र सिंह के अनुसार स्कूल में बच्चों को आधुनिक तकनीक के साथ प्रयोग एक तरीके से शिक्षा देने का प्रयास किया गया है। स्कूल को मिले पुरस्कार के बाद बच्चों और शिक्षकों ने जमकर जश्न मनाया। स्कूल की इस उपलब्धि पर एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने स्कूल पहुंचकर बच्चों और शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने संस्था के प्राचार्य संध्या वोहरा और उप प्राचार्य गजेंद्र सिंह को सम्मानित किया।




### दुनियाभर के स्कूलों से मांगे गए थे आवेदन

विश्वव्यापी संस्था टी-4 एजुकेशन द्वारा दुनियाभर के स्कूलों से फरवरी 2024 तक विभिन्न केटेगरी में आवेदन ऑनलाइन मांगे गए। आवेदन लेकर इस साल के प्रतिष्ठित 50 हजार यूएस डॉलर के पुरस्कार की चयन प्रक्रिया शुरू की। प्राप्त हजारों आवेदनों में से शॉर्ट लिस्ट स्कूल्स के रूप में विनोबा स्कूल के वाइस प्रिंसिपल गजेंद्र सिंह राठौर का एक स्कूल लीडर के रूप में इनोवेशन केटेगरी में चयन किया। अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविदों ने इनका ऑनलाइन इंटरव्यू लिया। पुनः चयनित होने पर डोक्यूमेंट बेस्ट असेसमेंट किया।

### टॉप-3 में यूके का ग्रेंज स्कूल और थाईलैंड का स्टारफिश स्कूल भी

इनोवेशन कैटेगरी के टॉप-3 में यूके के ग्रेंज स्कूल और थाईलैंड के स्टारफिश स्कूल का भी सिलेक्शन हुआ है। अब 24 अक्टूबर को इन्हीं तीन स्कूलों में से टॉप फर्स्ट स्कूल का सिलेक्शन होगा। अगर रतलाम का स्कूल टॉप फर्स्ट में आता है, तो 10000 यूके डॉलर यानी 8 से 8.30 लाख रुपए स्कूल को मिलेंगे। स्कूल के टॉप-3 में शामिल होने की लाइव स्क्रीनिंग पर घोषणा होते ही स्कूल प्रिंसिपल संध्या वोहरा, वाइस प्रिंसिपल गजेंद्र सिंह राठौर के साथ स्कूल स्टाफ और पेरेंट्स भी झूम उठे। स्कूल में मौजूद कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, डीईओ केसी शर्मा ने भी खुशी मनाई

### पांच कैटेगरी में दिए जाते हैं अवॉर्ड

'टी-4 एजुकेशन' 5 कैटेगरी में में अवॉर्ड देती है। ये हैं- कम्युनिटी कोलैबोरेशन, एनवायरमेंटल एक्शन, इनोवेशन, ओवरकमिंग एडवर्सिटी, फॉर सर्पोटिंग हेल्दी लाइव्स।

**इसलिए हुआ विनोबा स्कूल का चयनः** विनोबा स्कूल के स्टाफ ने बेस्ट प्रैक्टिसेज के जरिए चुनौतियों का सामना किया। विद्यार्थियों के विकास में 2 साल में बेहतर भूमिका निभाई। टीचर्स प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अंतर्गत साइकिल ऑफ ग्रोथ के जरिए टीचर्स को 'बदलाव के वाहक' के रूप में लाया गया। जॉयफूल लर्निंग से स्टूडेंट और पेरेंट्स को स्कूल से जोड़ा। विद्यार्थियों की प्रेजेंट और दक्षता में वृद्धि हुई। पढ़ाई, खेलकूद और स्टूडेंट ओवरऑल डेवलपमेंट में आगे रहे। कक्षा 1 से 12वीं तक अंग्रेजी और हिंदी दोनों माध्यम में संचालित होने वाले इस स्कूल में 650 में से 90 प्रतिशत से अधिक स्टूडेंट किसी न किसी स्तर पर एक्टिविटीज से सालभर जुड़े रहते हैं।

### सीएम मोहन यादव ने दी बधाई

सीएम मोहन यादव ने एक्स पर लिखा कि आज सभी मध्यप्रदेश वासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि रतलाम जिले के विनोबा सीएम राइज स्कूल ने विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कार 2024 की 'नवाचार श्रेणी' में शीर्ष 3 फाइनलिस्ट में अपनी जगह बनाई है। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल के रूप में अपनी जगह बनाएगा।

## ब्रीफ न्यूज़

### राहुल गांधी के खिलाफ बयान पर केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू पर दर्ज हुई एफआईआर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर दिए गए बयान पर केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। राहुल गांधी ने अमेरिका दौरे पर सिखों को लेकर बयान दिया था, जिस पर रवनीत बिट्टू ने उन्हें आतंकी बता दिया था। इसे लेकर खूब हंगामा हुआ और कर्नाटक में रवनीत बिट्टू के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। कर्नाटक के एक कांग्रेस पदाधिकारी ने रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (गलत सूचना के आधार पर बयान देना या अफवाह फैलाना), 192 (दंगे कराने के मकसद से भडकाऊ बयान देना), 196 (दो समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाने) के तहत बंगलूरू के हाई ग्राउंड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। वहीं जब रवनीत बिट्टू से मीडिया द्वारा पूछा गया कि क्या उन्हें राहुल गांधी के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर खेद है? तो रवनीत बिट्टू ने कहा कि मुझे खेद क्यों होगा? हमने पंजाब में पूरी एक पीढ़ी को खो दिया। गांधी परिवार ने पंजाब को जलाया। मेरा दर्द बतौर एक सिख है। मैं मंत्री बाद में हूं।

### नैनी दून एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश नाकाम, रेलवे ट्रैक पर रखा था खंभा

**रुद्रपुर।** बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र में उत्तराखंड सीमा स्थित रुद्रपुर रेलवे स्टेशन से करीब पांच सौ मीटर दूर रामपुर-काठगोदाम रेलवे लाइन पर बुधवार की देर रात कुछ आसामाजिक तत्वों ने टेलीफोन का पुराना खंभा अवरोध के रूप में पटरियों पर रख कर नैनी जन शताब्दी ट्रेन को पलटने का प्रयास किया। इस दौरान देहरादून से काठगोदाम जा रही रही नैनी जन शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन चालक ने सूझबूझ से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को ट्रैक पर रोक दिया। इसके बाद खंभे को हटाकर ट्रेन को रेलवे स्टेशन तक ले गया। मामले की सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। इसके बाद अधिकारियों में कुछ आसामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेन को पलटने की साजिश की आशंका को लेकर हड़कंप मच गया। रात में ही एसपी विद्यासागर, एएसपी अतुल श्रीवास्तव, एसपी जीआरपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

## 'स्वच्छता ही सेवा'...राष्ट्रपति ने महाकाल मंदिर में की सफाई

**उज्जैन।** उज्जैन में गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बाबा महाकालेश्वर के दर्शन करने के बाद मंदिर परिसर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उन्होंने मंदिर परिसर में कोटितीर्थ के समीप झाड़ू लगाई। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी स्वच्छता के लिएश्रमदान में शामिल हुए। सफाई करने के बाद राष्ट्रपति ने सफाईकर्मियों से संवाद भी किया। राष्ट्रपति ने स्वच्छता मित्रों के सम्मान समारोह में भी शिरकत की, जहां उन्होंने स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया। राष्ट्रपति ने स्वच्छता मित्रों के सम्मान समारोह में कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन आना भाग्य है और यहां स्वच्छताकर्मियों का सम्मान करना मेरा सौभाग्य। स्वच्छता मित्रों को पूरे देश की ओर से मैं धन्यवाद देती हूं और प्रणाम करती हूं। ये अग्रिम पंक्ति के योद्धा हैं। इन्हें आज सम्मानित कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। राष्ट्रपति ने जब यह बात कही, तो कुछ आंखें भावुक होकर बरस पड़ीं, तो कुछ चेहरे खुशी और गर्व से भर गए। ये आंखें और चेहरे उनके थे, जो दशकों से सफाई के काम में जुटे हैं। राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होकर उन्हें लगा जैसे सदियों का दर्द दूर हो गया हो।



### इंदौर तो अद्भुत है...

राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने जनसेवा की शुरुआत स्वच्छता कार्य से ही की थी। मैं नगर परिषद में उपाध्यक्ष थी, तब वार्डों में जाती और सफाई का निरीक्षण करती। अब देश में सफाई के प्रति बदलाव देख खुशी महसूस होती है। स्वच्छ भारत मिशन से बच्चों की मृत्यु दर में कमी आई है। स्वच्छता में मध्यप्रदेश ने बहुत अच्छा काम किया है। इंदौर तो अद्भुत है।

### सीएम बोले- मैं स्वच्छता मित्रों को प्रणाम करता हूं

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मैं स्वच्छता मित्रों को प्रणाम करता हूं। वे देवताओं के रूप हैं। स्वच्छ अभियान सात रेटिंग का है। एक रेटिंग पाने वाले शहर के सभी स्वच्छता कर्मियों को एक-एक हजार रुपए, दो रेटिंग वालों को दो-दो हजार, इस तरह रेटिंग के अनुसार पुरस्कार दिए जाएंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वच्छता मित्रों से कहा कि हम आपके आभारी हैं कि आप देश-प्रदेश को स्वच्छ रखते हैं।

### देश की उन्नति के लिए किया पूजन

महाकाल मंदिर आगमन पर वेदपाठी बटुकों ने स्वस्तिवाचन व शंख की मंगल ध्वनि से राष्ट्रपति की अगवानी की। शुभ वाद्य यंत्रों की मनोरम ध्वनि सुन राष्ट्रपति मुग्ध हो गईं। मंदिर में फूलों से सुंदर सजावट की गई थी। उन्होंने महाकाल मंदिर के गर्भगृह में पंचामृत अभिषेक पूजन कर देश में सुख-समृद्धि की कामना से भगवान को ब्रह्म कमल चढ़ाया। राष्ट्रपति के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मु भी थीं। राष्ट्रपति ने नंदी मंडपम में बैठकर ध्यान लगाया। पश्चात मुख्यमंत्री व राज्यपाल ने राष्ट्रपति को रुद्राक्ष की माला, प्रसाद तथा प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का एक्स अकाउंट हैक कर किया गया क्रिप्टोकरेंसी का प्रमोशन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का एक्स अकाउंट बुधवार देर रात हैकरों ने हैक कर लिया और उस पर क्रिप्टोकरेंसी का प्रमोशन करने लगे। शिकायत के बाद विजयवर्गीय का अकाउंट रिस्टोर हो गया। विजयवर्गीय के अलावा हॉकी इंडिया संगठन समेत कई अकाउंट हैक हुए थे। विजयवर्गीय सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। बुधवार रात जब उनका एक्स अकाउंट हैक हुआ और हैकरों ने खुद उनके अकाउंट पर पोस्ट डालकर अकाउंट हैक होने की सूचना दी तो यूजरों ने कमेंट करना शुरू कर दिए। कई लोगों ने विजयवर्गीय का अकाउंट हैक होने की सूचना दूसरे ग्रुपों पर शेयर की। गुरुवार को इंदौर में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर विजयवर्गीय व्यस्त थे और इंदौर-उज्जैन छह लेन मार्ग के लोकार्पण समारोह में भाग लेने के लिए वे उज्जैन भी गए थे, लेकिन व्यस्तता के बीच उन्होंने अपना अकाउंट हैक होने की शिकायत की। कुछ देर बाद उनका अकाउंट रिस्टोर हो गया। जब हैकरों ने उनका अकाउंट हैक किया था तो उस पर क्रिप्टोकरेंसी की एक लिंक पोस्ट कर लिखा था कि अकाउंट हैक हो चुका है। बता दें कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का एक्स अकाउंट हाई-प्रोफाइल होने के कारण उन्हें लाखों लोग फॉलो करते हैं, जिससे इस अकाउंट के हैक होने की खबर तेजी से चारों और फैल गई। वहीं आईटी टीम को इस घटना की जानकारी मिल जाने के बाद तत्परता से कार्रवाई करते हुए अकाउंट को रिकवर किया गया और उसे सुरक्षित कर दिया।



### मंत्री का अकाउंट हैक करने के बाद यह मैसेज लिखा गया

विजयवर्गीय का एक्स अकाउंट हैक करने के बाद हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी की एक लिंक पोस्ट की। पोस्ट में लिखा - यह अकाउंट हैक हो चुका है। हम जिस भी अकाउंट को हैक करते हैं, उस पर एक टोकन एड्रेस पब्लिश करते हैं और साथ में प्रॉफिट कमाते हैं।

### एक ही समय में हुए और खास लोगों के अकाउंट हैक

हैरान करने वाली बात है कि 18 सितंबर की रात 11.30 बजे जब कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का अंकाउट हैक हुआ तो इसी समय दुनिया के और भी लोगों के अकाउंट हैक होने की खबर सामने आई। एक साथ हैक हुए अकाउंट में दुनिया के गोल ब्राजील, हैदराबाद मेट्रो, सैंटा क्रूज काउंटी आदि खास अकाउंट्स शामिल हैं। बता दें 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक्स अकाउंट को भी हैकर ने हैक कर लिया था. जानकारी के अनुसार बुधवार रात को हॉकी इंडिया के अकाउंट को भी हैक किया गया था। इसमें हैकर ने पोस्ट शेयर किया। हैकर ने पोस्ट में लिखा, यह हैक किया गया अकाउंट है! सोलाना पर शेक्ड का परिचय हम हैक किए गए प्रत्येक खाते पर टोकन पता पब्लिश करते हैं ताकि हम इसे पंप कर सकें और एक साथ लाभ कमा सकें। एक्स एक्स प्लेटफॉर्म यूजर्स ने डेटा की सेफ्टी को लेकर कई सवाल उठाए। हैक हुए अकाउंट्स पर लाखों फॉलोअर्स हैं। ऐसे में इन साइबर अटैक से लाखों लोगों को नुकसान हो सकता है।

## कार से हो सकता है कैंसर! 99% कारों में खतरा, चार विभागों को नोटिस

**नई दिल्ली।** देश में 99 फीसदी कारों में आग से बचाव के लिए जिस केमिकल का उपयोग हो रहा है उससे कार सवारों को कैंसर का खतरा है। एनजीटी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय सहित चार विभागों को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। इससे पहले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) इन केमिकल के असर की जांच करने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उसके पास आवश्यक सुविधा नहीं है। व्यापक स्तर पर लोगों के स्वास्थ्य पर असर को देखते हुए एनजीटी एक रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले पर सुनवाई कर रहा है।

### एनजीटी के सामने सामने आए ये तथ्य



एनजीटी के सामने यह जानकारी आई है कि सीट फोम और तापमान नियंत्रित रखने के लिए किए गए उपायों में इन केमिकल का उपयोग होता है। इससे लंबे समय तक कार में मौजूद रहने पर कार चालकों, खासतौर पर बच्चों को कैंसर होने का खतरा होता है। एनजीटी को इस मामले में सीपीसीबी ने रिपोर्ट देकर बताया कि केमिकल टीसीआईपीपी, टीडीसीआईपीपी और टीसीईपी की वजह से कैंसर हो सकता है या नहीं, इसकी जांच के लिए इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के पास ही संसाधन मौजूद हैं।

### आठ सप्ताह में देना होगा जवाब

एनजीटी के चेयरमैन जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस अरुण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. ए सेंथिल वेल ने आदेश कर आठ सप्ताह में सभी को इस प्रकरण में जवाब देने के लिए कहा है। सीपीसीबी और आईसीएमआर के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव, ऑटोमेटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रशासनिक प्रमुख, नेशनल ऑटोमेटिव टेस्टिंग एंड आरएंडडी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के प्रशासनिक प्रमुख और ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्डस (बीआईएस) के महानिदेशक नोटिस का जवाब अगली सुनवाई से पहले देना होगा।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान -मझौली के इन्द्राणा में सफाई मित्रों का हुआ सम्मान





**रुद्रांश दर्पण जबलपुर**

### स्वच्छता रैली भी निकाली गई.

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज गुरुवार को जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत इन्द्राना में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों आयोजित की गई ।ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने आयोजित की गई इन गतिविधियों में जनपद अध्यक्ष श्रीमती विद्या दिनेश चौरसिया ने सफाई मित्रों का सम्मान किया तथा उन्हें स्वच्छता किट प्रदान की। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई स्वच्छता की गतिविधियों में स्कूली छात्राओं ने स्वच्छता गीत प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता पर केंद्रित नाटक की प्रस्तुति भी दी गई । छात्राओं द्वारा कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता को लेकर बनाई गई रंगोली आकर्षण का केंद्र रही ।कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती विद्या चौरसिया ने स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वच्छता रैली निकाली गई, ग्राम वासियों की स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, स्वच्छता पटल पर हस्ताक्षर किये गये तथा पौधारोपण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया । स्वच्छता पर आयोजित की गई इन गतिविधियों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता भी रही ।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न



**रुद्रांश दर्पण डिंडोरी**

कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में आज गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में जिला वनमंडलाधिकारी श्री साहिल गर्ग, एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन,एसडीओ वन श्री सुरेंद्र जाटव, खनिज अधिकारी श्री शशांक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने खनिज और वन मामलों की समीक्षा की। जिसमें बताया गया कि जिले में 30.06.2024 से 01.10.2024 तक मानसून अवधि में खदानों, नदियों एवं नालों से रेत खनन प्रतिबंधित है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने निर्देशित किया है कि खनिजों के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण की रोकथाम हेतु वन, राजस्व, खनिज व पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जांच कार्यवाही किया जाए तथा शासकीय निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत उत्खनन अनुज्ञा हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड शहडोल द्वारा शीघ्र जलवायु सम्मति (सीटीओ) प्रदान किया जाए। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जिले की बजाग तहसील अंतर्गत शीतलपानी एवं चौरादादर ब्लॉक में महत्वपूर्ण खनिजों के लिये प्रारंभिक अन्वेषण हेतु जीएसआई द्वारा प्रस्तुत एफसी आवेदनों पर वन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने बैठक में वन विभाग से संबंधित कार्यसूची की समीक्षा की। जानकारी दी गई कि भारतीय वन अधिनियम के तहत आरक्षित वन बनाने के तहत कार्यवाही, जिसमें 38 वनखण्डों में धारा-5 से धारा-19 तक की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। धारा-20 में अधिसूचना जारी करने हेतु कलेक्टर भू-अभिलेख को लेख किया गया है जिसमें वर्तमान खसरा नंबर एवं राजस्व अनुसार मद/नोईयत की जानकारी अपेक्षित है। साथ ही वनक्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाईनों से प्राय: अवैध शिकार की घटनाएं हो रही है इसकी रोकथाम हेतु वनक्षेत्रों से होकर गुजरने वाली लाईनों में इंगुलेशन कराने एवं लाईन ट्रिप होने पर उसकी जानकारी तत्काल वन विभाग हो उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। आयोजित बैठक में अवैध कटाई, अवैध उत्खनन एवं वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण पर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध कटाई, उत्खनन व अतिक्रमण पर अंकुश लगाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# किसानों और आम नागरिकों के राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में करें-कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे

**रुद्रांश दर्पण कवर्धा**



**मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा राजस्व संबंध में दिए गए निर्देशों को कड़ाई से क्रियान्वयन करने के दिए निर्देश**

**कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व कामकाज की समीक्षा की**

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर विगत दिनों मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा लिए गए कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों को कड़ाई से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जिले में आम लोगों और किसानों को राजस्व संबंधी कोई दिक्कत नही आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस विभाग का आम लोगों और किसानों से ज्यादा वास्ता है। राजस्व के प्रकरणों का निराकरण बिना किसी लेट-लतीफी के निराकरण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को जनसामान्य की भूमि संबंधी छोटी-छोटी त्रुटियों एवं समस्याओं का निदान पूरी संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित और पारदर्शी निपटारा किया जाए, ताकि जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करें और समयसीमा का सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में देरी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और जिन मामलों में अनावश्यक विलंब हो रहा है, उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संवेदनशील होकर कार्य करना चाहिए, ताकि जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरण एवं अन्य राजस्व प्रकरण लोक सेवा गारंटी अंतर्गत हैं इस सभी का समय सीमा निर्धारित होती है। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा के ऊपर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित राजस्व अधिकारियों पर अप्रसन्नता व्यक्त की। समय सीमा के बाहर राजस्व के लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों को दैनिक आधार पर समीक्षा कर तत्काल निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री महोबे ने नक्शा बटांकन कार्य में प्रगति लाने और डिजिटल हस्ताक्षर शत प्रतिशत किए जाने निर्देशित किया गया। जिले में जियो रिफ्रेंसिंग के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कबीरधाम जिला जो डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शामिल किया गया है इसके अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों के प्रगति की जानकारी सभी तहसीलदारों से ली और शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में एग्री स्टैक एप्प द्वारा कार्य किए जाने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह तहसीलवार कार्यों के परफॉर्मेंस की समीक्षा की जाएगी। कमजोर कार्यों की प्रगति पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने तहसीलवार अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, असर्वेक्षित ग्रामों की जानकारी, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे तहसील जिनकी प्रगति प्रतिशत कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित बटवारा के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हो। सीमांकन के प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री निर्भय साहू, सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सर्व डिप्टी कलेक्टर, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत निकाली गई साइकिल रैली





**रुद्रांश दर्पण नरसिंहपुर**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिले में 2 अक्टूबर तक स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयो?जित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर परिषद सालीचौका में विद्यार्थियों, अधिकारी- कर्मचारियों और आम नागरिकों ने शासकीय कन्या शाला स्कूल से साईकिल रैली निकाली। इस रैली को नगर परिषद अध्यक्ष श्री राकेश सलावट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित की गई यह रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाई गई। साथ ही नगर को स्वच्छ रखने हेतु जनता से सहयोग की अपील भी की गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्री राकेश सिलावट, सीएमओ श्री भवानी प्रसाद शर्मा, समाजसेवी श्री सोनू सुरेंद्र राय, ब्रांड एंबेसडर श्री योगेंद्र सिंह सिलावट, स्वच्छता प्रभारी श्री तेजपाल पटेल, निकाय के कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी और अन्य नागरिक मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर जनसंपर्क विभाग ने विकसित भारत,मोदी की संकल्पना थीम पर कलेक्टोरेट परिसर में लगाया फोटो प्रदर्शनी

**रुद्रांश दर्पण दंतेवाड़ा**




विधायक श्री अटामी ने फोटो प्रदर्शनी का रिबन काटकर किया।आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर जनसंपर्क विभाग द्वारा कलेक्टोरेट परिसर मे एक दिवसीय फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। ज्ञात हो कि उक्त फोटो प्रदर्शनी ''विकसित भारत, मोदी जी की संकल्पना'' थीम पर लगाई गई है । फोटो प्रदर्शनी मे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई गई। फोटो प्रदर्शनी में ''बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जल क्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत'' सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी गयी है। फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ क्षेत्र के विधायक श्री चैतराम अटामी के द्वारा रिबन काटकर फोटो प्रदर्षनी का अवलोकन करके किया गया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, उप संचालक श्री रंजीत पुजारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी- कर्मचारी, स्कूली बच्चे, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# जिले में बच्चों में दिखा स्वच्छता के प्रति उत्साह कई कार्यक्रम हुए आयोजित



**रुद्रांश दर्पण राजगढ़**

''स्वच्छता ही सेवा'' 2024 अभियान अंतर्गत स्वच्छता की भागीदारी अंतर्गत जिले की समस्त पंचायतों में श्रमदान कर पंचायत कार्यालय/परिसर को स्वच्छ किया गया। स्वच्छता अभियान में ग्रामीण नागरिकों की भी भागीदारी रही। साथ ही ग्रामीणों के साथ पंचायतों में स्वच्छता संवाद आयोजित किया गया। जिले के समस्त विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यालय परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता का कार्य किया गया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उददेश्य से स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छता की रैली, विभिन्न आकृतियों में मानव श्रृंखला, रंगोली प्रतियोगिता आदि जन भागीदारी एवं जागरूता के कार्यक्रम आयोजित किए गए।।

# नियद नेल्लानार योजना से बदल रहा अबुझमाड़

**रुद्रांश दर्पण नारायणपुर**

### मसपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र खुलने से गांव में आई खुशहाली


राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् 2488 हितग्राहियों का किया गया है स्वास्थ्य जांच अपने प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर अबुझमाड़ के लोग अपनी बेजोड़ संस्कृति और परंपराओं का निर्वहन करने के लिए जाने जाते हैं। कठिन परिस्थितियों में उन्होंने खुशहाल जीवन जीने के लिए स्वयं को प्रकृति के अनुकूल बनाए रखा, अपने को संभाले रखा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में उनके खुशहाल जीवन को माओवादियों की नजर लग गई थी, नाच-गाना बंद हो गए, मांदर की थाप मंद पड़ गई, सड़कें सुनी हो गई और स्कूल बंद होने लगे। स्थानीय हाट बाजार भी बंद हो गये, जहां से स्थानीय लोग अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की खरीदी करते थे। हर हाल में अपनी जीवन में खुशियों के रंग सहेजकर रखने वाले अबुझमाड़ के वनवासियों की जिंदगी धीरे धीरे बदलने लगी है। माओवादी गतिविधियों के कारण शासन-प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं का समुचित लाभ भी अंदरुनी इलाकों में स्थानीय लोगों को नहीं मिल रहा था। इस सब समस्याओं से मुक्ति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा ''नियद नेल्लानार'' (अपका अच्छा गांव) संचालित की जा रही है, जिसमें सुरक्षा कैंपों के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत हितग्राहियों तक पहुंचाने की मुहिम चलायी जा रही है। इसका असर भी अंदरूनी गांव में देखने को मिल रहा है। स्थानीय हाट बाजार अब गुलजार होने लगे हैं। बंद पड़े हाट बाजार और स्कूल अब फिर से शुरू हो रहे हैं, जिससे अबुझमाड़ की तस्वीर बदल रही है और अबुझमाड में पुन: रौनक लौटने लगी है। विकासखण्ड ओरछा के ग्रामों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नियद नेल्लानार के तहत् आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है, जिसमें मसपुर, तुमिरादि, ताडोबेड़ा, मेटानार, कस्तुरमेटा, हिकपाड, ओकपाड, तोयामेटा, कटुलनार, इरकभट्टी, कानागांव, ताडोकुर, मोहंदी, कोडेलियर (मिचिंगपारा), कोडेलियर (बीचपारा) शामिल हैं। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्य से प्राधनमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत् 12 हितग्राहियों के मकान बनाने का काम पूर्ण हो



चुका है। बैंक सखी माइक्रो एटीएम के माध्यम से 1 हितग्राही के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया है। बारहमासी सड़क सुविधा के लिए 2 सड़क बनाया जा रहा है, जिसमें कोहकामेटा से कानागांव 6.80 किलोमिटर और आकाबेड़ा से कलमानार 7.30 किलोमिटर सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। नियद नेल्लानार अंतर्गत खाद्य विभाग द्वारा ग्राम मसपुर में राशन दुकान स्थापित करने के लिए स्व सहायता समूहों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामिण विकास विभाग द्वारा मसपुर मे 02, मेटानार में 01, हिकपाड़ में 01, ओकपाड़ में 01 और ईरकभट्टी में 02 इस प्रकार कुल 07 हैण्डपम्प खनन् किया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा 547 हितग्राहियों को नि:शुल्क चावल, नमक, चना, गुड़ वितरण किया जा रहा है तथा 4 हितग्राहियों को उज्जवला सिलिंडर वितरण किया गया है। कृषि विभाग द्वारा 98 किसानों को किसान सम्मान निधि, 368 किसानों को मुफ्त कृषि बीज वितरण किया गया है। क्रेडा विभाग द्वारा 9 हितग्राहियों को सोलर पम्प वितरण किया गया है। इन गांवों में 2 टेलीविजन उपलब्ध कराया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के तहत् तोड़ामेटा, इरकभटटी, तोड़ोबेड़ा, जड्डा, कोडलियर बीचपारा एवं मिचिंगपारा में प्राथमिक शाला प्रारंभ करने प्रस्तावित किया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा मसपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र अप्रैल 2024 से संचालित किया जा रहा है। अब तक 714 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा चुका है, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक रात में भी स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे है। उर्जा विभाग द्वारा 339 घरों में सालाना मुफ्त 500 यूनिट तक बिजली प्रति कनेक्शन दिया जा रहा है। वन विभाग द्वारा 44 लघु वनोपज संग्रहण केन्द्र प्रारंभ किया गया है और पुलिस विभाग द्वारा कस्तुरमेटा में नाईट लैंडिग और हैलिपैड निर्माण किया गया है। नियद नेल्लानार अंतर्गत महात्मा गांधी रोजगार गांरटी योजना के तहत् 449 जॉब कार्ड बनाया गया है। राष्ट्रीय परिवहन सहायता योजना के तहत् 4 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा 547 परिवारो के लिए राशन कार्ड बनाया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 26 दिव्यांगों के लिए प्रमाण पत्र बनाया गया है एवं सुगर एवं बी.पी. स्क्रीनिंग 745 लोगो का किया गया है और सिकलसेल स्क्रीनिंग 2541 लोगों का किया गया है। राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् 2488 हितग्राहियों का स्वास्थ्य जांच किया गया है एवं राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत् 356 लोगों का टीकाकरण किया गया है। इसी प्रकार परिवहन विभाग द्वारा 13 हितग्राहियों के ड्राईविंग लायसेंस बनाया गया है। तहसील कार्यलय के माध्यम से 613 जाति प्रमाण पत्र, 447 निवास प्रमाण पत्र और 208 आय प्रमाण पत्र बनाकर वितरण किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नोनी सुरक्षा योजना के तहत् 15 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया है। श्रम विभाग द्वारा 194 श्रमिको का पंजीयन कर श्रम कार्ड बनाया गया है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत् 18 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन स्वीकृति के लिए 49 लोगों का सर्वे किया गया है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत् 98 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। विधवा पेंशन के तहत् 39 लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। दिव्यांग पेंशन 3 हितग्राहियों, सुखद सहारा पेंशन 17, मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत् 34 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत् 19 लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के तहत् 346 महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत् 2 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। जन्म प्रमाण पत्र 477 हितग्राहियों को प्रदाय किया गया है, आधार कार्ड 381 लोगों का बनाया गया है। जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत् 198 लोगों का बीमा कराया गया है, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत् 387 हितग्राहियों का बीमा कराया गया है। जनधन योजना के तहत् 393 लोगों का बीमा कराया गया है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से 34 किसानों को लाभान्वित किया गया है। आयुष्मान कार्ड 51 लोगों का बनाया गया है एवं अटल पेंशन योजना के तहत् 61 हितग्राहियों को पेंशन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत् 37 लोगों को लाभान्वित किया गया है।

# रावणा राजपूत समाज का अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन कोटा में आयोजित होगा, लाखों समाजबंधु शेखावत को देंगे श्रद्धांजलि

**राजस्थान। भीलवाड़ा** । श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान प्रदेश प्रवक्ता पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह भाटी व प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला, प्रदेश युवा अध्यक्ष श्याम सिंह खोड व महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता कंवर राठौड, कोटा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह गौड़, बूँदी जिलाध्यक्ष शम्भु सिंह सोलंकी के नेतृत्व में हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत देवली के 106वे बलिदान दिवस पर रावणा राजपूत समाज का कोटा के महारावसिंह स्टेडियम, नयापुरा में अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन 23 सितंबर 2024 को आयोजित होगा ।जिसमें देश विदेश से रावणा राजपूत समाज बंधु व मातृशक्ति भाग लेंगे और मेजर दलपत सिंह शेखावत को सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।मेजर दलपत सिंह शेखावत ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए 900 सैनिकों के साथ तुर्की सेना के सवा लाख से अधिक सैनिको का तलवारों व भालो से तोपों व बंदूको का सामना करते हुए इज़राइल के हाइफा शहर को मात्र 1 घंटे मे तुर्की सेना से आजाद करवाया था।इस युद्ध के दौरान तुर्की सेना को मार गिराया व मेजर दलपत सिंह शेखावत वीरगति को प्राप्त हुए।मेजर दलपत सिंह को मरणोपरांत सेना के सर्वोच्च सम्मान



विक्टोरिया क्रॉस से सम्मानित किया गया।इजराइल हर वर्ष मेजर दलपत सिंह शेखावत व शहीद हुए सैनिकों के बलिदान दिवस पर 23 सितंबर को हाइफा डे मनाता है और इस दौरान विभिन्न आयोजन आयोजित कर मेजर दलपत सिंह शेखावत व शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।भारत में भी हर वर्ष दिल्ली स्थित त्रिमूर्ति चौक पर भारतीय सेना द्वारा मेजर दलपत सिंह शेखावत व शहीद हुए सैनिकों को 23 सितंबर को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है।रावणा राजपूत समाज द्वारा 23 सितंबर को उनके 106 वे बलिदान दिवस पर कोटा के महाराव उम्मेदसिंह राव स्टेडियम, नयापुरा में अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश-विदेश से मातृशक्ति व समाज बंधु भाग लेंगे और मेजर दलपत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।रावणा राजपूत समाज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के दौरान समाज द्वारा सरकार से मांग की जाएगी कि रावणा राजपूत सहित ओबीसी की अति पिछड़ी जातियों को अलग से आरक्षण देने, रावणा राजपूत जाति के साथ जुड़े अन्य नाम को हटाकर राजस्व रिकॉर्ड में एक नाम रावणा राजपूत करने, हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत देवली के शौर्य को विस्तृत रूप से राजस्थान बोर्ड और एनसीईआरटी पाठ्यक्रम में शामिल करने, आगामी विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों द्वारा रावणा राजपूत समाज को संख्या अनुपात में प्रतिनिधित्व देने सहित स्वर्गीय आनंदपाल सिंह के तथाकथित एनकाउंटर में सीबीआई जांच मे समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, देश में जातिगत जनगणना करवाने, मेजर दलपत सिंह शेखावत के नाम से उनके पैतृक गांव देवली जिला पाली मे पैनोरमा बनाने व उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी करने, राजस्थान हाईफा कल्याण स्मृति बोर्ड में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति शीघ्र की जाए उसके संबंध में सरकार से मांग की जाएंगी।

# महापौर और संभागीय आयुक्त ने स्वच्छता रैली को दिखाई हरी झंड़ी

**अनूपगढ़/बीकानेर।** महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित और संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तीसरे दिन गुरुवार को स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर नगर निगम परिसर से रवाना किया।इस अवसर पर महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरुक करना है। प्रत्येक नागरिक के छोटे-छोटे प्रयासों से शहरी क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान पंद्रह दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



होंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। इनके माध्यम से भी आमजन में जागरुकता के प्रयास होंगे.संभागीय आयुक्त ने कहा कि पखवाड़े का आयोजन केन्द्र और राज्य सरकार के निर्देशों के अनुरूप किया जाए। इस दौरान प्रत्येक क्षेत्र में जागरुकता गतिविधियां हों। सरकारी कार्यालयों में भी साफ-सफाई की जाए। इनमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और घर के आसपास से स्वच्छता की इस मुहीम की शुरुआत करें। इस दौरान निगम आयुक्त मयंक मनीष ने पखवाड़े के दौरान होने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। रैली में विभिन्न स्कूली और महाविद्यालयों की छात्राओं ने भागीदारी निभाई। रैली नगर निगम से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से गुजरी और कलक्ट्रेट पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली।


# लॉन टेनिस में कोचरिया को प्रथम स्थान प्राप्त किया



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले में चल रही जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 19 वर्ष छात्र वर्ग लॉन टेनिस प्रतियोगिता में कोचरिया स्कूल के खिलाड़ियों ने रा0उ0मा0वि0 सिदीडियास को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी। उप प्रधानाचार्य श्रीमती रीता जैन, विद्यालय के सभी शिक्षको एवम ग्राम के नागरिकों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

## तीन चरणों के आंदोलन में जिले के सभी शिक्षक बढ़-चढ़कर भाग लें- शिक्षक संघ समन्वय समिति ने की अपील

**सोलापुर** । कुरळप । जिला सांगली के सभी शिक्षक एवं सभी संगठन विभिन्न मांगों को लेकर तीन चरणों में विरोध प्रदर्शन करेंगे. प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं- 15 मार्च, 5 सितंबर के संविदा भर्ती सरकार के फैसले को रद्द करें, पुरानी पेंशन योजना लागू करें, शैक्षणिक अशैक्षणिक काम में सरकार निर्णय मैं संशोधन करें. शिक्षण कार्य सरकार के निर्णय एवं अन्य मांगें के लिऐ में काला रिबन बंद विरोध प्रदर्शन किया. प्रशासनिक समूह छोड़कर असहयोग एवं नवीन जिला संगठन समन्वय समिति ने शिक्षकों से बुधवार दि. 25 सितंबर को सामूहिक लघु अवकाश लेकर जिले में पदयात्रा निकालने जैसे तीन चरणों के आंदोलन में भाग लेने की अपील की है। शिक्षक बैंक के समन्वयक सदस्य एवं निदेशक श्री कृष्ण



प्रहार

शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी

पोल एवं सदस्य श्री अमोल जाधव ने कहा कि शिक्षणाधिकारी और माननीय मुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे के नाम पर जिलाधिकारी, जिला पुलिस प्रमुख, मुख्य कार्यकारी अधिकारी,को ज्ञापन दिए जाने की जानकारी दी।

# स्वर गौरव सम्मान में 29 सितंबर को बहेगी कविता की त्रिवेणी

**जयपुर।** आगामी दिनाँक 29 सितंबर 2024 दिन रविवार को काव्यामृत कोष साहित्यिक संस्था द्वारा साहित्य में विशेष योगदान के लिए स्वर गौरव सम्मान एवं काव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा । जिसमें संस्थापिका प्रीती एच प्रसाद और उनकी संयोजन टीम द्वारा; यू पी प्रेस क्लब लखनऊ में सुनिश्चित किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक कवि श्यामजीत सिंह श्याम द्वारा, की जाएगी वहीं कार्ययक्रम का सफल सचालन साक्षी सिंह द्वारा और संयोजन अभिषेक मिश्रा अभि तथा उनके सहयोगी प्रमोद प्रजापति, आकाश राघव एवं प्रयागराज के मशहूर शायर शाहिद सफ़र द्वारा किया गया है ।इसमे मुख्य अतिथि स्कवैड्रन लीडर डॉ. तूलिका रानी एवं विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र सिंह होश लखनवी ,मनोज मिश्रा, हनुमान प्रसाद, नीतू मिश्रा हैं। विशेष




सहयोगी की भूमिका में वाह भाई वाह टीवी फेम हास्य कवि आशीष तिवारी निर्मल और प्रयागराज के कवि अजय वर्मा साथी रहेंगे। इसमें देश के कई प्रांतों से मशहूर कवियों को आमंत्रित किया गया है, जिनका नाम इस प्रकार है डॉ अशोक अग्रहरी(प्रतापगढ़), रमेश चंद्र (शामली),भारत मौर्य (रायबरेली),राम जी तिवारी राम, दीन दयाल, विनय साहू निश्छल (प्रयागराज), सनी सिंह (गोंडा), अजय वर्मा (वाराणसी), नीरज प्रजापति (वाराणसी), डॉ. सीमा वर्मा (लखनऊ), सीमा वर्णिका (कानपुर), आशीष तिवारी निर्मल (मध्य प्रदेश), सोमेश कुमार तिवारी (सीतापुर), रवीन्द्र श्रीवास्तव(लखनऊ), आदर्श पांडेय (प्रयागराज), अंजू विश्वकर्मा(गोरखपुर), वैभव बड़ोनिया(मध्य प्रदेश), प्रवीण पांडेय आवारा (लखनऊ), अभिलाषा सिंह अजान (कौशांबी), दीपमाला निगम (कानपुर), डॉ मंजू दीक्षित अगुम(कानपुर), डॉ नवीन जोशी नवल (दिल्ली), श्री श्री मिश्रा (लखनऊ), अमिता मिश्रा (लखनऊ), सचिन (नोएडा), साधना मिश्रा लखनवी (लखनऊ), कुमार विशु (गोरखपुर), शशि सुमन (प्रयागराज), तारा गुप्ता (लखनऊ),कुलदीप शुक्ला, अजय वर्मा साथी (प्रयागराज)। इस गरिमामय आयोजन में लखनऊ में देश के सभी रायों के साहित्यकारों की उपस्थिति हो रही है।

# जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में 40 टीमों ने भाग लिया

**राजस्थान। भीलवाड़ा** / रायपुर क्षेत्र के ग्राम भीटा के ग्रामवासियों ने बताया कि भीटा गांव में 68वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्रा वर्ग खो-खो प्रतियोगिता चल रही है। इसमें 40 टीमों की 468 छात्राएं भाग ले रही हैं। भीटा इन दिनों खेल गांव बना है। हर तरफ खो-खो खेल की चर्चा है। घर-घर में खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। परिवार के लोग मेहमाननवाजी में लगे हैं। ग्रामीणों की तरफ से खिलाड़ियों के लिए दोनों समय के भोजन की व्यवस्था की गई। रोज अगल-अलग तरह के व्यंजन बन रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन



20 सितंबर को होगा। समापन समारोह में पूर्व विधायक गायत्री देवी त्रिवेदी राजेंद्र कुमार त्रिवेदी रायपुर प्रधान शिवराज सिंह बाड़ी कुलदीप त्रिवेदी एवं कांग्रेस के कई पदाधिकारी शिरकत करेंगे।

# श्रीरामकथा महोत्सव 21 से चित्रकूटधाम में, विशाल वाटरप्रूफ डोम निर्माण शुरु

**जयपुर। भीलवाड़ा** ।धर्मनगरी भीलवाड़ा में श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट, भीलवाड़ा एवं श्री रामकथा सेवा समिति भीलवाड़ा के तत्वावधान में 21 से 29 सितम्बर तक होने वाली नौ दिवसीय संगीतमय श्री रामकथा महोत्सव के लिए तैयारियां जारी है। नगर निगम के चित्रकूटधाम प्रागंण में प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीसंकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत श्री बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में होने वाले महोत्सव में भक्तगण ख्यातनाम कथावाचक श्री राजन महाराज के मुखारबिंद से श्री रामकथा का रसास्वादन कर सकेंगे। श्री रामकथा सेवा समिति के अध्यक्ष गजानंद बजाज ने बताया कि कथास्थल चित्रकूटधाम में विशाल वाटरप्रूफ डोम निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। इस डोम में हजारों भक्तों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था भी की जा रही है। कथास्थल पर छाया-पानी के भी प्रबन्ध किए जा रहे है। अध्यक्ष बजाज के साथ समिति के महासचिव पीयूष डाड, कन्हैयालाल स्वर्णकार सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने भी चित्रकूटधाम में



की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। कथा श्रवण करने आने वाले भक्तों के वाहनों की पार्किंग के लिए भी व्यवस्था की जा रही है। श्री रामकथा में देश के विभिन्न स्थानों से पधारने वाले महामण्डेलश्वर, महंतों व संतों का आर्शीवचन प्राप्त होंगा। विदेशों से भी राजन महाराज के भक्तों के कथा श्रवण के लिए भीलवाड़ा पहुचने की संभावना है। उनके ठहरने के लिए भी प्रबंध किए जा रहे है। श्रीरामकथा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर 21 सितम्बर को सुबह हरिशेवाधाम से भव्य कलशयात्रा भी निकाली जाएगी तथा 24 सितम्बर को चित्रकूटधाम मे सुंदर कांड का पाठ होगा।श्री राम कथा की चित्रकूटधाम मे चल रही तैयारियों का बीती देर रात को श्री राम कथा सेवा समिति के अध्यक्ष गजानंद बजाज महासचिव कन्हैयालाल स्वर्णकार पीयूष डांड कोषाध्यक्ष C दिलीप गोयल वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी चेतन ठठेरा ने जायजा लिया ।

# स्वच्छता ही सेवाअभियान छात्राओं ने निकाली स्वच्छता रैली

**अनूपगढ़/ श्रीगंगानगर।** ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान के तहत आयोजित ''स्वच्छता रैली'' में नगर परिषद की सभापति, आयुक्त, परिषद् कर्मचारियों, राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका मटका चौक व गुरुनानक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया।नगर परिषद श्रीगंगानगर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत गुरूवार को प्रात: 8 बजे स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली को नगर परिषद की सभापति श्रीमती गगनदीप कौर (पांडे) व आयुक्त श्रीमती रीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में परिषद् कर्मचारियों एवं राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका मटका चौक व गुरुनानक गर्ल्स सीनियर



सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। रैली शहर के मुख्य मार्गों महाराजा गंगासिंह चौक, भगतसिंह चौक, रविन्द्रपथ, गोलबाजार, रेलवे स्टेशन से होते हुए नगर परिषद पंहुची तथा यहां आकर रैली समाप्त हुई। कार्यक्रम प्रभारी सहायक अभियंता अमनदीप कौर व सहप्रभारी सुमित माथुर ने बताया कि समस्त शाखाओं के प्रभारी व अधिशाषी अभियंता महावीर गोदारा, बाबूलाल मीणा, अरविंद चौहान, अमित जाखड़, देवेंद्र प्रताप राठौड़, प्रेम चुघ, राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका मटका चौक व गुरुनानक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान में भाग लिया गया।

# वैष्णव बैरागी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

राजस्थान । भीलवाड़ा / रायला। बनेड़ा तहसील के ग्राम रायला में वैष्णव बैरागी सेवा समिति के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह बगीचे के हनुमान जी के स्थान पर रखा गया। जिसमे रायला कस्बे में वैष्णव समाज के प्रतिभाशाली



छात्र-छात्राएं, समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में रायला वैष्णव समाज के प्रतिभाशाली लोगों ने रायला वैष्णव समाज का नाम रोशन किया। एसे में रायला वैष्णव बैरागी सेवा समिति के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वैष्णव बैरागी सेवा समिति के अध्यक्ष रतन दास ने बताया कि वैष्णव बैरागी सेवा समिति रायला वैष्णव समाज सामाजिक उत्थान के लिए पिछले 15 वर्ष से लगातार काम कर रही है। सामाजिक उत्थान के लिए समय-समय पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करती है। इसी क्रम में आज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर गोपाल लाल वैष्णव ने कहा कि समाज की सेवा और विकास के कामों में तन मन धन से सहयोग किया जाना चाहिए। तथा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर सामाजिक जागृति लाने के काम किए जाये। इस अवसर पर समिति के समस्त पदाधिकारी , गोकुल दास, महावीर दास, जगदीश दास,बाबू दास,गोपाल लाल, शंकर लाल, राजेश कुमार, नानू लाल, राजू, डा. शंकर लाल एवं महिलाएं एवं बच्चे बच्चियों उपस्थित हुए थे।

# भीलवाड़ा सरस डेयरी डायरेक्टर ने बालाजी इण्डस्ट्रीज आसीन्द में वृक्षारोपण किया

**राजस्थान।** मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान एक पेड़ माँ के नाम के तहत पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए दिनांक 19.09.2024 को बालाजी इण्डस्ट्रीज गोविन्दपुरा आसीन्द में श्रीमान नीम्बा राम गुर्जर भीलवाड़ा सरस डेयरी डायरेक्टर एवं सरपंचपति ग्राम पंचायत-दड़ावट, प्रबन्धक श्रीमान लक्ष्मी नारायण चौधरी, बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा-आसीन्द , बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक बीमा अधिकारी ढाका साहब , चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश चन्द्र कुमावत, उप स्वास्थ्य केन्द्र-बरसनी, समाजसेवी श्रीमान जगरुप कुमावत, समाजसेवी श्रीमान नारायण लाल गुर्जर ने नीम के पेड़ लगा कर वृक्षारोपण



किया तथा पौधों की जियो टेगिंग की गयी। इस अवसर पर बालाजी इण्डस्ट्रीज के प्रोप्राईटर-दीप चन्द, मुख्य प्रबंध निदेशक-घासी राम, सहायक प्रबंध निदेशक सम्पत लाल, मैनेजर-जगरुप प्रजापति एवं इण्डस्ट्रीज के स्टाफ साथी उपस्थित थे।

# इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष का खतरनाक मोड़

मंगलवार को लेबनान व सीरिया में एक साथ हुए पेजर धमाकों ने इन देशों को ही नहीं, पूरी दुनिया को चौंकाया। लोगों को समझने में देर लगी कि आजकल उन्नत मोबाइल फोन के दौर में पेजर का इस्तेमाल? दरअसल, तकनीकी तौर पर बेहद उन्नत इस्राइली फौज व दुनिया में तहलका मचाने वाली खुफिया एजेंसी मोसाद मोबाइल के जरिये अपने कट्टर दुश्मनों को निशाना बनाते रहे हैं। इसी वजह से ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के लड़ाके अपनी स्थिति गोपनीय रखने के मकसद से पेजरों का इस्तेमाल सूचना संकेतों के लिये करते रहे हैं। बहरहाल पेजर धमाकों की श्रृंखला में लेबनान में नौ लोगों के मरने व पौने तीन हजार लोगों के घायल होने की बात कही जा रही है। लेकिन वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। वहीं सीरिया में पेजर धमाकों की श्रृंखला देखी गई। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष के चिंताजनक स्थिति में पहुंचने का संकेत देता है। युद्ध में इस तरह की रणनीति का पहली बार दुनिया के सामने खुलासा हुआ है, जिसमें अपने विरोधी देश के संचार उपकरणों को निशाना बनाकर हमला किया गया हो। जो इस क्षेत्र में लंबे समय से जारी संघर्ष में परिष्कृत नई रणनीति को ही दर्शाता है। वहीं हिजबुल्लाह की सुरक्षा परत की कमजोरियों को भी उजागर करता है। निस्संदेह, हिजबुल्लाह ईरान समर्थित लेबनान की एक प्रमुख ताकत है, जो उन्नत इस्राइली ट्रैकिंग सिस्टम से बचने के लिये अपेक्षाकृत कम उन्नत तकनीक वाले उपकरण पेजर पर निर्भर रहा है। यही वजह है कि हिजबुल्लाह लड़ाकों, चिकित्सकों तथा नागरिकों द्वारा प्रयोग किये जाने वाले पेजर बेरूत के दक्षिणी उपनगरों व बेका घाटी सहित लेबनान के कई गढ़ों में एक साथ फट गए। अस्पताल की तरफ भागती सैकड़ों एंबुलेंसों से पूरे लेबनान में भय व असुरक्षा का माहौल बन गया। यहां तक कि सीरिया के कुछ हिस्सों में भी धमाकों की गूंज सुनायी दी, वहां भी हिजबुल्लाह के लड़ाके इससे प्रभावित हुए।

> हालिया घटनाक्रम इस्राइल-हिजबुल्लाह संघर्ष के चिंताजनक स्थिति में पहुंचने का संकेत देता है। युद्ध में इस तरह की रणनीति का पहली बार दुनिया के सामने खुलासा हुआ है, जिसमें अपने विरोधी देश के संचार उपकरणों को निशाना बनाकर हमला किया गया हो। जो इस क्षेत्र में लंबे समय से जारी संघर्ष में परिष्कृत नई रणनीति को ही दर्शाता है। वहीं हिजबुल्लाह की सुरक्षा परत की कमजोरियों को भी उजागर करता है।

बहरहाल, लेबनान व सीरिया में पेजर धमाकों की श्रृंखला पूरी दुनिया को कई सबक देती है कि संकटकाल में अपने संचार नेटवर्क को बाहरी हस्तक्षेप से बचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना जरूरी है। विज्ञान व तकनीकी उन्नति ने युद्धों का पूरा स्वरूप ही बदल दिया है। परंपरागत सेना व सुरक्षा की सारी अभेद्य दीवारें तकनीक के हमलों के आगे बेकार साबित हो रही हैं। बहरहाल, इन हमलों के लिये, इस्राइली खुफिया एजेंसी पर साजिश करने के आरोप लग रहे हैं। हालांकि, इस्राइल ने इन धमाकों को लेकर कोई दावा नहीं किया है, लेकिन रिपोर्टें बता रही हैं कि निर्माण प्रक्रिया के दौरान पेजर से छेड़छाड़ करके उन्हें धमाकों के मकसद से ज्वलनशील बनाया गया है। जो एक बड़े सुनियोजित ऑपरेशन की ओर संकेत करता है। जिसमें दूर से सुनियोजित तरीके से विस्फोटों को अंजाम दिया गया। इस्राइल ने इन धमाकों के जरिये हिजबुल्लाह को यह संदेश देने का प्रयास किया है कि भले ही वह गाजा संघर्ष में उलझा हुआ है, इसके बावजूद वह दूसरे मोर्चे पर हिजबुल्लाह के बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाने की क्षमता रखता है। बहरहाल, यह घटना बताती है कि इस्राइल पर बीते साल हमास द्वारा किए गए हमले व अपहरण की वारदातों के बाद शुरू हुए टकराव का विस्तार होने की आशंका बलवती हुई है। इस्राइल इस समय न केवल हमास बल्कि हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों के हमलों का एकसाथ जवाब दे रहा है। लेकिन इस्राइल की सीमा से लगते लेबनान में ईरान द्वारा दी गई उन्नत मिसाइलों व राकेटों के लगातार हो रहे हमलों के बीच इस टकराव के विस्तार लेने की आशंका बढ़ गई है। अब पेजर धमाकों के बाद हिजबुल्लाह इस्राइल से बदला लेने की बात कर रहा है, जिससे इस संघर्ष के व्यापक रूप लेने के आसार बढ़ गये। पश्चिम एशिया में पहले से ही नाजुक स्थिति जो गाजा संघर्ष के कारण और जटिल हो गई थी, उसे पेजर प्रकरण ने और गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया। बहरहाल, हालिया घटनाक्रम युद्ध के हथियार के रूप में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग को दर्शाता है।

हिजबुल्लाह का अर्थ 'अल्लाह की पार्टी' है। हिजबुल्लाह बतौर राजनीतिक दल 1982 में लेबनान के शिया समुदाय के बीच उभरा। इसका गठन मुख्य रूप से इस्राइल के दक्षिणी लेबनान पर कब्जे के जवाब में हुआ था। इस्राइलने 1982 में लेबनान में प्रवेश किया, जिसका उद्देश्य फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठनों को दबाना था। हिजबुल्लाह ने केवल सैन्य क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि लेबनान की राजनीति में भी अपनी गहरी पैठ बनाई है। यह अब लेबनान की संसद में एक महत्वपूर्ण दल है और राजनीतिक फैसलों पर भी इसका प्रभाव है। इसकी राजनीतिक और सामाजिक सेवाओं ने इसे लेबनान के शिया मुस्लिम समुदाय के बीच और अधिक समर्थन दिया है। हालांकि हिजबुल्लाह ने लेबनान के कुछ हिस्सों में सकारात्मक भूमिका निभाई है, लेकिन इसके उदय ने देश के लिए कई गंभीर चुनौतियां खड़ी की हैं। हिजबुल्लाह को कई पश्चिमी देशों और अरब राष्ट्रों द्वारा एक आतंकवादी संगठन माना जाता है, जिसके कारण लेबनान को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है और विदेशी निवेश घटा है।

# 'एक देश एक चुनाव' लुभावना भी और चुनौतीपूर्ण भी

जयसिंह रावत

> कोविंद समिति की सिफारिशों के अनुसार 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का युगांतरकारी उद्देश्य दो चरणों में लागू होना है, जिसमें पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा का निर्वाचन एक साथ कराना और दूसरे दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय के लिए निर्वाचन (पंचायत और नगर पालिका) कराना शामिल है। सिफारिशों के अनुसार सभी निर्वाचनों के लिए एकसमान मतदाता सूची बनेगी और राष्ट्रव्यापी चर्चा के बाद एक कार्यान्वयन समूह को गठन होगा।

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक राष्ट्र एक चुनाव विषय को लेकर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की रिपोर्ट को स्वीकार करने के बाद अब इस मुद्दे पर संवैधानिक प्रक्रियाएं शुरू होने के साथ ही व्यापक राष्ट्रीय चर्चा शुरू हो जाएगी। कोविंद समिति की सिफारिशों के अनुसार 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का युगांतरकारी उद्देश्य दो चरणों में लागू होना है, जिसमें पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा का निर्वाचन एक साथ कराना और दूसरे दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय के लिए निर्वाचन (पंचायत और नगर पालिका) कराना शामिल है। सिफारिशों के अनुसार सभी निर्वाचनों के लिए एकसमान मतदाता सूची बनेगी और राष्ट्रव्यापी चर्चा के बाद एक कार्यान्वयन समूह को गठन होगा। एक साथ नगर निकायों से लेकर संसद के चुनाव कराने की प्रक्रिया को कुछ आसान बनाने के लिए ही इस संपूर्ण संवैधानिक और राजनीतिक कसरत को दो भागों में बांटा गया है। अब देखना यह है कि मोदी सरकार का यह अति महत्वाकांक्षी सपना किस तरह साकार होता है, क्योंकि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का नारा जितना लुभावना लगता है उतना आसान कतई नहीं है। इसके लिए महत्वपर्ण संविधान संशोधनों के साथ ही राष्ट्रीय सहमति की भी महती आवश्यकता है और विपक्ष से और कम से कम विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस से इस विचार को समर्थन मिलने की संभावना को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सिरे से खारिज कर दिया है। इस समय पक्ष और विपक्ष जानी दुश्मन का जैसा व्यवहार कर रहे हैं।

भाजपा अपने बलबूते पर नहीं बल्कि सहयोगी दलों के समर्थन से सत्ता में है। हाल ही में मोदी सरकार को जिस तरह कुछ निर्णयों को लेकर बैकफुट पर आना पड़ा उससे सरकार के एक साथ चुनाव कराने की महत्वांकाक्षी योजना के भविष्य पर सवाल उठना स्वाभाविक ही है। इधर, फिर भी आशावादी विचारकों और खास कर भाजपा समर्थकों का मानना है कि जब मोदी सरकार पिछले कार्यकाल में धारा 370 को हटाने का जैसा बहुत ही टेढ़ा काम कर सकती है तो यह भी कर लेगी। मोदी सरकार को अपनी मजबूती साबित करने के लिए भी यह जटिल कार्य करना पड़ रहा है।

भारत के संविधान में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर एक साथ चुनाव का प्रावधान नहीं है। इस विचार को धरातल पर उतारने के लिए संविधान में संशोधन के लिए राजनीतिक सहमति और एक लंबी प्रक्रिया की आवश्यकता होगी। राज्य विधान सभाओं और लोकसभा के लिए निश्चित शर्तें समकालिक नहीं हैं। इन शर्तों के समन्वय के लिए दोनों स्तरों पर संवैधानिक संशोधन और कानूनी बदलाव की आवश्यकता होगी। संविधान के जानकारों के अनुसार इसके लिए कम से कम संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन करना पड़ेगा।

अनुच्छेद 83 खंड (2) के तहत लोकसभा का कार्यकाल ठीक 5 साल तय किया गया है। संसद के सत्र के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 85 में प्रावधान किया गया है। भारत में किसी राज्य की विधानसभा का कार्यकाल संविधान के अनुच्छेद 172 द्वारा निर्धारित किया गया है। यह अनुच्छेद निर्दिष्ट करता है कि राज्य विधान सभा का सामान्य कार्यकाल पांच वर्ष होगा। लेकिन इसे कुछ परिस्थितियों में राज्य के राज्यपाल द्वारा पहले भी भंग किया जा सकता है, जैसे कि जब विधानसभा बहुमत का विश्वास खो देती है या जब राज्यपाल इसके विघटन की सिफारिश करता है। संविधान आपातकाल की घोषणा की स्थिति में विधानसभा के कार्यकाल के विस्तार की भी अनुमति देता है।



इसी अनुच्छेद में प्रावधान है कि जब आपातकाल की उद्घोषणा प्रवर्तन में है, तब संसद विधि द्वारा ऐसी अवधि एक बार में एक वर्ष तक बढ़ा सकेगी और उद्घोषणा के प्रवर्तन में न रह जाने के पश्चात किसी भी दशा में उसका विस्तार छह मास की अवधि से अधिक नहीं होगा।

राज्य की संवैधानिक मशीनरी के खराब होने की स्थिति में केंद्र सरकार अनुच्छेद 356 में प्रदत्त शक्ति का उपयोग कर राज्य के प्रशासन का नियंत्रण ग्रहण करता है। इस अनुच्छेद को 'राष्ट्रपति शासन' भी कहा जाता है। लेकिन अब इस अनुच्छेद का इस्तेमाल आसान नहीं रह गया है। केंद्र शासित प्रदेशों, जिनकी अपनी विधान सभाएं नहीं हैं, की विशिष्ट स्थिति को समायोजित करने के लिए भी आवश्यक प्रावधान करने होंगे।

अनुच्छेद 324 में संशोधन कर एक साथ चुनावों के समन्वय के लिए चुनाव आयोग को अतिरिक्त अधिकार और जिम्मेदारियों के साथ सशक्त बनाना होगा ताकि आयोग समय से पहले बिना राज्य सरकार की सहमति से भी चुनाव तिथियां घोषित कर सके। आजादी के बाद पहले चुनाव से लेकर 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए गए। लेकिन दलबदल, राजनीतिक अस्थिरता तथा अनुच्छेद 356 के बार-बार इस्तेमाल के कारण एक साथ चुनाव का क्रम टूटता गया।अविश्वास प्रस्ताव के जरिये राज्य सरकारें समय से पहले गिरती रही है और खण्डित जनादेश के कारण विधानसभा नई बहुमत की सरकार चुनने की स्थिति में नहीं रहीं। अब अविश्वास प्रस्तावों और विधान सभाओं के विघटन से संबंधित प्रासंगिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता भी होगी। चुनाव के समय में बदलाव के लिए दसवीं अनुसूची (दलबदल विरोधी कानून) में संशोधन भी करना होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि भारत में संवैधानिक संशोधनों के लिए लोकसभा और राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत और कम से कम आधे राज्य विधानमंडलों द्वारा समर्थन की आवश्यकता होती है। ऐसी आम सहमति हासिल करना और संविधान में सफलतापूर्वक संशोधन करना एक लंबी और चुनौतीपूर्ण प्रक्रिया है।

तर्क दिया जा रहा है कि जब निर्वाचन आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा के चुनाव एक साथ नहीं करा सकता और बंगाल जैसे राज्य में 7 चरणों में चुनाव होते हैं तो सारे देश में एक साथ चुनाव कैसे कराओंगे? एक साथ चुनाव के पक्ष में धन की बचत का तर्क भी दिया जा रहा है लेकिन भारत जैसे विशाल और बड़ी आबादी वाले देश में चुनाव कराने के लिए व्यापक साजो-सामान योजना और संसाधनों की आवश्यकता होती है। एक साथ चुनाव होने से चुनाव आयोग, सुरक्षा बलों और प्रशासनिक मशीनरी पर भारी दबाव पड़ेगा। देश के हर कोने में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, प्रशिक्षित कर्मियों और पर्याप्त बुनियादी ढांचे की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक कठिन काम होगा। नयी व्यवस्था से राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित हो सकता है और क्षेत्रीय चिंताओं की उपेक्षा हो सकती है, जो संभावित रूप से संघवाद को कमजोर कर सकती है।

एक साथ चुनाव को लेकर राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर विभिन्न दलों के बीच राजनीतिक सहमति हासिल करना चुनौतीपूर्ण है। विपक्षी दल वैसे ही इस विचार से विचलित नजर आ रहे हैं। जिन परिस्थितियों में यह कदम उठाया जा रहा है उनसे संदेह स्वाभाविक भी है। आजादी के बाद सन् 1951-52 में जब भारत के निर्वाचन आयोग को न तो कोई तजुर्बा था और न ही इतने संसाधन थे फिर भी ग्राम स्तर से लेकर संसद तक के चुनाव एक साथ कराए गए थे। उस समय राज्य सभा और राज्यों की विधान परिषदों के चुनाव भी एक साथ कराए गए थे। उस दौरान तीन तरह के राज्य थे। संचार के संसाधन नगण्य थे। सड़कें नहीं थीं। टेलीफोन सुविधा न होने से सूदूर क्षेत्रों में वायरलेस की व्यवस्था की गयी थी। एक सदस्यीय निर्वाचन आयोग था, जिसके मुखिया सुकुमार सेन थे। परिस्थितियां बिल्कुल भिन्न है। संसाधनों की कोई कमी नहीं है। कमी है तो राजनीतिक सहमति की।

बता दें कि लोकसभा और राज्यसभा में भले ही एनडीए को बहुमत हो, लेकिन एक देश एक चुनाव को पास कराने का नंबर गेम नहीं है। बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए को 543 सदस्यीय लोकसभा में 293 सांसदों और 245 सदस्यीय राज्यसभा में से 119 सांसदों का समर्थन हासिल है। इससे महज संसद में काम नहीं चलने वाला, किसी संवैधानिक संशोधन को पारित करने के लिए प्रस्ताव को लोकसभा में साधारण बहुमत के साथ-साथ सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले दो-तिहाई सदस्यों का समर्थन प्राप्त होना आवश्यक है। एक देश एक चुनाव के लिए संवैधानिक संशोधन की प्रक्रिया को अपनाना होगा। इसके लिए मतदान के दिन लोकसभा के सभी 543 सदस्य उपस्थित हों तो विधेयक को पारित करने के लिए 362 सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता मोदी सरकार को पड़ेगी। लोकसभा में विपक्षी गठबंधन के 234 सदस्य हैं। राज्यसभा में एनडीए के पास 115 सांसद हैं और छह मनोनीत सदस्यों का समर्थन है, जबकि विपक्षी गठबंधन के 85 सदस्य हैं। ऐसे में मतदान के दिन राज्यसभा के सभी सदस्य मौजूद हों तो दो तिहाई यानी 164 सदस्य का समर्थन चाहिए होगा। एक देश एक चुनाव के विरोध करने वाली 15 पार्टियों की संसद में कुल सदस्य संख्या 205 है। कांग्रेस, सपा, आरजेडी, शिवसेना सहित सभी विपक्ष दल इसके विरोध में खड़े हैं, जिसके चलते अमलीजामा पहनाना आसान नहीं है।

## अंचल

### सस्पेंडेड पुलिसकर्मी से जुड़ा अवैध लकड़ी वाहन हिंदू संगठनों ने पकड़ा

**देवास।** पुलिस विभाग के दो सस्पेंडेड पुलिसकर्मी फिरोज और जावेद से जुड़ी अवैध लकड़ी परिवहन का एक वाहन सोनकच्छ सरहदी पर हिंदू संगठन के कार्यकताओं द्वारा पकड़ा गया। जिसे फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने जप्त कर लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पीपलरवा के मदरसे के पीछे से तीन वाहन कल अवैध लकड़ी के लोड होकर निकले थे। जिसमें से दो तो कहीं और रवाना हो गए। लेकिन तीसरे पर कुछ लोगों द्वारा निगरानी रखी गई और उसे आज पकड़ा गया। इसमें गौर करने वाली बात यह है कि कल अनंत चतुर्दशी का पर्व था। जिसमें पुलिस विभाग के साथ-साथ सहयोग के लिए फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के भी जवान ड्यूटी में लगाए जाते हैं। दूसरे दिन वे लोग रात भर के थके होने के कारण अवकाश जैसी स्थिति



में रहते हैं।इस व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह अवैध लकड़ी का व्यापार करने वाले लोगों ने अवैध लकड़ी के वाहन निकले। लेकिन हिंदू संगठन के कार्यकताओं की निगरानी से इसे जप्त करवा दिया गया । साथ ही साथ धर्म की आड़ में पैसे वसूली का एक नया जरिया सभी लोगों के सामने आता नजर आ रहा है।

### पोषण माह अंतर्गत बालिका छात्रावास मोहन बड़ोदिया में कार्यक्रम हुआ संपन्न

**मोहन बड़ोदिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में पोषण माह अंतर्गत आदिम जाति कल्याण विभाग में बालिका छात्रावास मोहन बड़ोदिया में पोषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे आदिम जाति कल्याण विभाग की अधीक्षिका दीप्ति जोशी तथा छात्रावास की बालिकाएं व महिलाएं उपस्थित थी, कार्यक्रम का सम्बोधन



श्रीमति कौशल्या श्रीमाली द्वारा बालिकाओ को पोषण के संबंध में जानकारी दी गयी, सेनेटरी नेपकिन तथा साफ सफाई की जानकारी दी गयी, बलिकाओ का संरक्षण अधिनियम एवं महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई.परियोजना अधिकारी पंकज दवे द्वारा पोषण व शिक्षा के संबंध में जानकारी दी गयी और स्वास्थ्य जांच हीमोग्लोबिन की कमी बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी गयी. कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाएं अधीक्षिका महिलाये आंगनवाडी कार्यकर्ता व सहायिकाएं मौजूद थी।

### जाम गेट लूट की घटना के बाद भी पर्यटक नही ले रहे सबक

**महू।** विगत दिनों पर्यटक स्थल जाम गेट पर सैन्य अधिकारियों व महिला मित्रों के साथ बंधक बनाकर लूट की घटना के बाद प्रशासन हुआ सख्त पुलिस द्वारा लगातार रात्रि में क्षेत्र के आसपास बरती जा रही विशेष चौकसी बुधवार देर रात घटनास्थल से ही बढ़गोंदा पुलिस द्वारा इंदौर मेडिकैप्स कॉलेज के नौ छात्र को मौज मस्ती करते हुए पकड़ यह छात्र कार एवं बाइक से आए थे, पुलिस ने उठक बैठक लागवाकर दी सख्त हिदायत,थाना प्रभारी लोकेन्द्र सिंह हिरोर ने बताया कि घटना के बाद से ही लगातार पर्यटक स्थलों की रात में सर्चिंग कर मौज मस्ती करने आये युवको को भगाया जा रहा है।इस मामले में जब विधायक उषा ठाकुर से बात की तो उन्होंने बताया कि पर्यटक स्थल पर रात 8 बजे बाद घूमने वालो के साथ कठोरतम कार्रवाई होगी इसके लिए प्रशासन के साथ हमारी बैठक हो चुकी है।

### स्वछता ही सेवा अभियान के तहत विधायक ने लगाई झाड़ू

साइक्लोथान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।



महू। इन दिनों समस्त भारत में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चल रहा है इसी कड़ी को लेकर गुरुवार सुबह महू विधायक उषा ठाकुर महात्मा गांधी मार्ग पहुँची यंहा आयोजित छावनी परिषद के द्वारा स्वछता अभियान में सफाई कर्मी ओर कार्यकर्ताओ के साथ रोड पर झाड़ू लगाई।इसके साथ ही गर्ल्स स्कूल से आयोजीत साइक्लोथान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।मीडिया से चर्चा में विधायक में बताया कि भारतीय जनता पार्टी के हर एक कार्यकर्ता को ये प्रण लेना होगा कि सफाई को अपने जीवन का हिस्सा बनाए।इस मौके पर प्रमुख रूप से छावनी परिषद के सीईओ विकास कुमार,नामांकित सदस्य शिव शर्मा,सफाई अधीक्षक मनीष अग्रवाल सहित शहर के जनप्रतिनिधि ओर सेकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सेवा मित्रो का सम्मान किया



रुद्रांश दर्पण उज्जैन
खाचरौद समरथ सेन

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन पर स्वछता सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन बुधवार को भाजपा नगर मंडल द्वारा सिविल अस्पताल परिसर में सफाई अभियान चलाया गया । क्षेत्र के विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान की मौजूदगी में सफाई में अपनी सेवाएं देने वालो मित्रों का सम्मान किया गया। इसकी के साथ विधायक ने सबको स्वच्छता की सपथ भी दिलाई । सिविल हॉस्पिटल परिसर की सफाई करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनिल छाजेड़, वरिष्ठ नेता सुरेश छाजेड़, मांगीलाल पाटीदार, बंटी जयसवाल, बाबूलाल राठौड़, अखिलेश शर्मा , अश्विन ढिंढोरकर, परमानंद धाकड़, प्रवीण नायक, मधु सोलंकी, शिव हर्रा, जय जायसवाल, राधेश्याम बम्बोरिया, हरिराम कांकर, गौरव शर्मा, सौरभ जैन, अनिल सोनवा, कार्यक्रम का संचालन विनोद चतुर्वेदी ने किया व आभार नीतीश सिसोदिया ने माना । जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित गेलड़ा ने दी ।

# मटन मार्केट में देर रात करीब 35 मुर्गी वह अन्य सामान हुआ चोरी

रुद्रांश दर्पण खरगोन
राजेश सुल्ताने

**सोना चांदी छोड़ अब मुर्गियां चुरा रहे है चोर**



कसरावद – नगर के मटन मार्केट में देर रात मुर्गी दुकानों से करिब 35 मुर्गीया चोरी की गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे के कार्रवाई शुरू कर दी है घटना बुधवार रात की बताई जा रही है जानकारी के अनुसार नगर के मटन मार्केट में तीन दुकानों के पिंजरो का ताला तोड़कर मुर्गीया आज्ञात चोर चोरी कर कर ले गए। पीड़ित दुकानदार सुमन, मुकेश , अमन का कहना है कि पूर्व में भी हमारी दुकानों पर रखे पिंजंरो के ताले तोड़कर चोरी की गई। और आज फिर रात में हमारे पिंजरे के ताले तोड़कर एवं जाली तोड़कर मुर्गी और सामान ले गए। हम बहुत परेशान हो गए हैं । पुलिस प्रशासन इस और ध्यान देकर चोरी करने वालों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए मटन मार्केट में चोरों के हौसले काफी बुलंद नजर आ रहे हैं मटन मार्केट का दुकानदार बहुत भयभीत नजर आ रहे हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत रैली निकाल किया गया श्रमदान



**रुद्रांश दर्पण झाबुआ राजेश बैरागी**
झाबुआ ...पूरे प्रदेश में इस समय स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का आयोजन किया जा रहा है , जिसमें स्वच्छता जागरूकता को लेकर साफ सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, जो की 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर तक चलेंगे। उसी कड़ी में जिला झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के निर्देश अनुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद झाबुआ के जिला समन्वयक भीम सिंह डामोर के नेतृत्व में आज सेक्टर कल्याणपुरा के ग्राम भगोर में स्वच्छता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया । नवांकुर संस्था संस्कृति युवा मंडल समिति भगोर द्वारा शालेय बच्चों के साथ हाथो में बैनर और तख्तियों को लेकर स्वच्छता जागरूकता नारे लगाते हुए पूरे ग्राम में रैली के रूप में भ्रमण किया गया ।जिसमें बच्चे स्वच्छता जागरूकता के नारे लगा रहे थे। इस रैली में जिला जनपद सदस्य प्रतिनिधि के रूप में सोनू रामपाल , मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक भीम सिंह डामोर , ब्लॉक समन्वयक तोलिया डामोर , ग्राम सचिव भुरजी कटारा ,रोजगार सहायक विकास वर्मा , मोबिलाइजर मुन्ना मेंड़ा , मेंटर राजेश बैरागी , सी एम सी एल डी पी पाठ्यक्रम के बी एस डब्ल्यू छात्र विपिन पांचाल, राहुल वर्मा , मंशा बैरागी , गौतम डोडिया, पूजा डोडिया, उज्जवल बैरागी , विकास बैरागी, संदीप मालीवाड़ आदि भी उपस्थित रहे। पश्चात सभी ने मिलकर ग्राम के प्राचीन एवं ऐतिहासिक शिव मंदिर पर साफ सफाई अभियान चलाया जिसमें प्रांगण में उग रहे खरपतवार को दराते और फावड़े की मदद से साफ किया गया। लगभग 1 घंटे चले इस स्वच्छता अभियान में छात्र–छात्राओं और सभी ने मिलकर प्रांगण को चकाचक कर दिया। बाद में समिति संस्था अध्यक्ष अर्चना बैरागी द्वारा सभी को स्वच्छता जागरूकता का संकल्प दिलवाया गया। ऐसे आयोजन 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती तक आयोजित होंगे।

# वानर की मृत्यु मुंडवाया शिर भंडारा भी

रुद्रांश दर्पण उज्जैन
खाचरौद समरथ सेन

**अनूठा आयोजन**



ग्राम लेकोडिया गोशाला में एक वानर की स्टेट हाइवे पार करते समय एक्सीडेंट से मृत्यु हो गई थी इससे समस्त ग्राम वासियों ने मिलकर वानर का हिंदू संस्कृति के अनुसार अंतिम संस्कार किया इतना ही नही उसके पश्चात उज्जैन में वानर राज का क्रिया कर्म शिप्रा नदी के घाट पर किया गया जिस में क्रिया करने वाले व्यक्ति ने सिर भी मुंडवाया एवं आज पगड़ी रस्म का कार्यक्रम किया गया जिसमे ग्रामीणों के द्वारा साफा पहना गया उस के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिस में नगर भोज का आयोजन भी हुवा जिस तरह एक परिवार के व्यक्ति की मृत्यु पर परिवार के द्वारा शोक निवारण के निम्मित जो कार्य किए जाते हे वह सभी कार्य ग्रामीणों के द्वारा किए गए ग्रामीणों का कहना था कि यह हमारे अराध्य हनुमान जी की सेना के सैनिक हे तो हमारा फर्ज बनता है की हम ग्रामीणजन मिल कर हमारे आराध्य के सैनिक का अंतिक कार्यक्रम पूरे विधि विधान से करे !


**रुद्रांश दर्पण मन्दसौर** राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत नगर पालिका सभाकक्ष मंदसौर में पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन से किया गया। कार्यक्रम में पोषण, पौष्टिक एवं संतुलित आहार, बच्चों हेतु प्रारंभिक 1000 दिवस के दौरान पोषण, स्वास्थ्य एवं देखरेख, व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा अंतर्गत चिंहांकित 6 माह से 3 वर्ष एवं 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों एवं उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। पोषण अभियान हेतु शपथ भी दिलाई गई।



# ढाबे पर अवैध तरीके से खुलेआम बिक रही शराब, छलक रहे जाम

रुद्रांश दर्पण प्रवीण सोलंकी

**मेघनगर पुलिस नियंत्रण मे नाकाम**



मेघनगर. एक तरफ जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक जहां जिले को अपराध मुक्त बनाने में जुटे हुए हैं तो दूसरी तरफ ये ढाबा संचालक इस मुहिम को ध्वस्त करने मे लगे है. कई ढाबे जहा अपराधी लोगो द्वारा इनका संचालन किया जा रहा है. शाराब खुले आम अधिक मात्रा मे परोसी जा रही है, ओर पुलिस ओर आबकारी विभाग इस स्थिति पर नियंत्रण कर पाने मे नाकाम साबित हो रही है.

**यहाँ पर है शराब की भरमार** नगर के उद्योगीक एरिया, रंभापुर रोड, मुख्य बाजार मेघनगर सहित आस पास के गावो मे ढाबो पर जमकर अवैध तरीक से शराब बेची जा रही है। मेघनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इन ढाबों पर खाने के साथ शराब परोशी जा रही है। एक तरफ जिले के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक जहां जिले को अपराध मुक्त बनाने में जुटे हुए हैं तो दूसरी तरफ ये ढाबा संचालक जमकर शराब परोस रहे हैं।

**ढाबा संचालकों ने मचा रखी अति** मेघनगर के कुछ प्रतिष्ठित ढाबा संचालकों ने तो अति मचाकर रख दी है। यहां पर बेतहाशा शराब परोसी जा रही है, हालांकि आबकारी विभाग का दौरा इस क्षेत्र में रहता है। बावजूद इसके यहां पर शराब परोसा जाना समझ से परे हैं। स्थानीय लोगो ने पुलिस को भी बताया लेकिन परिणाम ये है कि इन ढाबा संचालकों के हौसले और बढ़ते जा रहे हैं।

**कहा से लाई जा रही अवैध शराब** चिंता का विषय ये है की इतनी अधिक मात्रा मे अवैध शराब कहा से लाई जा रही है. जगह जगह आसानी से उपलब्ध हो रही शराब के सेवन से अधिकाश युवा वर्ग का भविष्य बर्बाद हो रहा है. देखा गया है की नगर व आस पास के एरिया मे एक सफेद बोलेरो काले कांच वाली दिन भर अवैध शराब की हेरा फेरी करने मे लगी रहती है. जन चोराहे पर चर्चा है की कुछ वेध शराब के विक्रेताओ ने स्थानीय पोलिस को कट पुतली बना रखा है. सब कुछ देखते हुए भी ढाबा संचालको पर कारवाही नही करती है.



**रुद्रांश दर्पण अलीराजपुर** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता में फतेह क्लब मैदान से स्वच्छता का संदेश देने के लिए रैली का प्रारंभ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं युवा उपस्थित रहे।



**रुद्रांश दर्पण भिण्ड** स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गोहद में मुख्य मार्गों की साफ–सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# कलेक्टर ने पार्वती परियोजना का किया निरीक्षण

## प्रभावितों से की चर्चा और समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश





रुद्रांश दर्पण सीहोर

कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह ने पार्वती परियोजना के अंतर्गत बनने वाले बांध स्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने पुनर्वास स्थल का निरीक्षण किया तथा ग्रामवासियों ने चर्चा की एवं उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के लिए कहा। इस परियोजना में श्यामपुर तहसील के भू अर्जन तथा डूब प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को भू–अर्जन एवं पुनर्व्यवस्थापन की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। यह परियोजना 1815.54 करोड़ रूपये लागत की है तथा इसका जल ग्रहण क्षेत्र 3150 वर्ग किलोमीटर है। इसका सिंचाई क्षेत्र 48000 हैक्टेयर है। पार्वती परियोजना के अंतर्गत डूब क्षेत्र 3041.36 हेक्टेयर है, जिसमे कुल निजी भूमी 2012.41 हेक्टेयर तथा सीहोर जिले की निजी भूमी 901.53 हेक्टेयर, शासकीय भूमी कुल 925.48 हेक्टेयर, वन भूमी 0 हेक्टेयर है। इसके साथ ही कुल 41 ग्राम डूब से प्रभावित हैं, जिसमें राजगढ़ के 02 एवं सीहोर के 02 ग्राम पूर्ण डूब प्रभावित हैं तथा राजगढ़ के 19 एवं सीहोर के 18 ग्राम आंशिक रूप से डूब प्रभावित हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री तन्मय वर्मा तथा पार्वती परियोजना के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# शत-प्रतिशत किसानों का करें पंजीयन-कलेक्टर

## किसानों के विक्रय पंजीयन हेतु कलेक्टर ने ली बैंक सखियों की बैठक

रुद्रांश दर्पण शहडोल



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में किसानों के विक्रय पंजीयन हेतु जिले की बैंक सखियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने बैंक सखियों से कहा कि जिले के किसानों का शत–प्रतिशत पंजीयन होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों का पंजीयन होने से किसान सीधे शासकीय खरीदी केन्द्र में अपना अनाज उचित मूल्य में विक्रय कर सकते हैं। उन्हे किसी अन्य व्यापारियों को कम मूल्य में अनाज विक्रय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होनें कहा कि जिले की बैंक सखियां अपने अपने कार्य क्षेत्र में किसानों से मिले एवं किसानों को पंजीयन के लाभ के बारें में बताएं तथा उनका पंजीयन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन करना है जिससे किसानों का इसका लाभ मिल सके। पंजीयन के समय किसी प्रकार की कोई समस्या आए तो संबंधित पटवारी, तहसील कार्यालय एवं कियोस्क सेंटरों से संपर्क स्थापित कर समस्या का निदान कर पंजीयन कार्य करें। इस दौरान बैंक सखियों को किसान एप्प की जानकारी दी गई तथा किसान एप्प डाउनलोड कराकर किसानों का पंजीयन करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री आर अंजली, जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल, आजीविका मिशन से विष्णुकांत विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में बैंक सखी उपस्थित रहीं।

# देवताओं को स्वर्ग में भी दुर्लभ है श्रीमद्भागवत कथा - पं. दिनेश दुबे

रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा
भूपेन्द्र यादव

जांजगीर चाम्पा - श्रीमद्भागवत समस्त वेदों और शास्त्रों का सार है। जब अनेकों जन्मों का पुण्योदय होता है तब हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने का अवसर मिलता है। यह कथा देवताओं को स्वर्ग में भी दुर्लभ है। इसलिये कथा शुरु होने से पहले उन्होंने अमृत के घड़े के बदले में उन्हें श्रीमद्भागवत कथा सुनने की इच्छा जतायी थी। श्रीमद्भागवत महापुराण की उक्त पावन कथा ब्राह्मण पारा चाम्पा स्थित मोहन द्विवेदी के निवास में भागवताचार्य पं0 दिनेश कुमार दुबे (पुरगांव वाले) ने आज प्रथम दिवस सुनायी। भागवत महात्म्य कथा के अंतर्गत उन्होंने भक्ति एवं नारद संवाद विषय का वर्णन करते हुये आगे कहा भक्ति महारानी के दोनो पुत्र ज्ञान और वैराग्य जब वृंदावन में बेसुध पड़े थे तब वहाँ से गुजरते हुये नारदजी ने उनको समस्त शास्त्रों को सुनाया फिर भी उन्हें होश नही आया। और जब उनको श्रीमद्भागवत की कथा सुनायी गयी तब स्वयं भक्ति महारानी अपने दोनो पुत्रों ज्ञान और वैराग्य के साथ हरिर्नाम संकीर्तन करने लग गयी। व्यासाचार्य ने आगे कहा कि जब मनुष्य के जीवन मे दुख आता है और वह जीवन जीने की आशा छोड़ देता है तब भागवत की कथा मनुष्य को राह दिखाती है। जिस प्रकार ग्रीष्म काल के बाद वर्षा ऋतु के आगमन पर पूरी पृथ्वी हरी भरी हो जाती है, सूखे हुये पेड़ो में नये पत्ते निकलने लगते है, फूल खिलने लगते हैं उसी प्रकार श्रीकृष्ण और श्रीराम नाम की वर्षा से मानव जीवन की व्यथा , मानव जीवन का कष्ट समाप्त हो जाता है। तत्पश्चात श्रोताओं को आगे धुंधुकारी की कथा श्रवण कराते हुये उन्होंनें बताया कि धुंधुम कलहम कार्याति इति धुन्धकारिहि यानि जो कलह करे , निंदनीय और धृणित कार्य करे, दुसरों को कष्ट दे वास्तव में वही धुन्धकारी है। अगर ये कार्य मनुष्य करने लगे तो समझ जाना हमारे अन्दर धुन्धकारी प्रवेश कर चुका है और इसे समाप्त करने ने लिये श्रीकृष्ण नाम संकीर्तन की धारा अपने जीवन मे प्रवाहित कर लेने में ही जीव का कल्याण संभव है। गौरतलब है कि कोसा , कांसा और कंचन की नगरी चाम्पा में गोलोकवासी श्रीमति आशा द्विवेदी की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके पहले आज नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई , जिसमें सैकड़ों महिलायें सज धजकर सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई नगर भ्रमण की। कलश यात्रा के कथास्थल पहुँचने पर मुख्य यजमानों ने भगवान के वांगमय स्वरूप श्रीमद्भागवत की आरती उतारी। इस कथा के मुख्य यजमान श्रीमति प्रतिभा राजेश द्विवेदी और आचार्य पं0 वृंदा प्रसाद दुबे (अमोरा - महंत) हैं। यह देवदुर्लभ कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से हरि इच्छा तक चलेगी , जिसके अगले चरण में आज 20 सितम्बर शुक्रवार को परीक्षित श्राप और वाराह अवतार की कथा , 21 सितम्बर शनिवार को शिव चरित्र - ध्रुव चरित्र एवं जड़भरत की कथा , 22 सितम्बर रविवार को नरसिंह अवतार एवं समुद्र मंथन , 23 सितम्बर सोमवार को श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग , 24 सितम्बर मंगलवार को रूखमणि विवाह , 25 सितम्बर बुधवार को सुदामा चरित्र , 26 सितम्बर गुरूवार को चढ़ोत्तरी के साथ कथा का विश्राम और 27 सितम्बर शुक्रवार को हवन - सहस्त्रधारा - कपिला तर्पण - ब्राह्मण भोज एवं यज्ञ का विसर्जन होगा। कथा आयोजक पं0 मोहन द्विवेदी ने इस लोक मंगलकारी कल्याणमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में सभी को सपरिवार , इष्टमित्रों सहित पधारकर कथा श्रवण कर पुण्य के भागी बनने की अपील की है।





# अवैध गांजा परिवहन करते तीन आरोपी जेल दाखिल

रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा
भूपेन्द्र यादव

जांजगीर चांपा/ दो किलो पचास ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन करते तीन आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये नवागढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक भास्कर शर्मा ने बताया की विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में गांजा बिक्री पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस को दिनांक 17.09.2024 को रात्रि में जरिये मुखबीर से सूचना मिला की एक्सएल 6 वाहन क्रमांक CG 11 BD 8761 में गांजा परिवहन कर बेचने के फिराक में है की सूचना पर ग्राम मिसदा और खैरताल के बीच में नाकाबंदी लगाकर वाहन क्रमांक CG 11 BD 8761 XL 6 को रोक कर कार में बैठे आदमी का नाम पता पूछा गया जिनके द्वारा अपना नाम (1) जोहारिक यादव निवासी बोडसरा थाना जैजैपुर (2) अमित कुमार साकिन तुषार थाना जैजैपुर (3) प्रशांत श्रीवास निवासी तुषार थाना जैजैपुर जिला सक्ति (छ.ग.) का रहना बताये गवाहो के समक्ष वाहन का तलाशी लेने पर दो पैकेट खाखी टेप में लपेटा हुआ गांजा दो किलो पचास ग्राम गांजा किमती 20 हजार रूपए मिला और परिवहन करने में प्रयुक्त XL 6 वाहन कीमती 12 लाख रुपए को जप्त किया गया एवं आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमाक 360/24 धारा 20, 29 NDPS ACT के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 18.09.2024 को न्यायिक रिमांड लेकर जेल दाखिल कराया गया उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक भुनेश्वर राठौर, आरक्षक जनक राम कश्यप , अनील कुर्रे, संजय टंडन, माघवेंद्र, मुकेश राज अभिषेक जयसवाल का सराहनीय योगदान रहा।




# सीआरपीएफ 74वी वाहिनी के द्वारा आयोजित किया गया स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

## नगरवासी , जनप्रतिनिधि, स्वच्छता दीदी व जवानों ने किया नगर की सफाई






रुद्रांश दर्पण सुकमा

सुकमा - देश भर में 17 सितंबर से शुरू हुए स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन जिले के दोरनापाल में बड़े ही भव्य तरीके से सीआरपीएफ 74वी बटालियन द्वारा आयोजित किया गया। इस दौरान नगर प्रमुख चौराहे में कार्यक्रम आयोजित करते हुए । नगरवासियों , जनप्रतिनिधियों व स्वच्छता दीदीयों के साथ मिलकर नगर में साफ सफाई का आयोजन किया गया। इस दौरान दोरनापाल पुलिस विभाग व भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे महामंत्री कोरसा सन्नू दोरनापाल नगर पंचायत के पार्षद व कर्मचारी स्मिलित हुए वही कार्यक्रम में नगर के प्रमुख जनो को भी शामिल किया गया। जो की मुख्य चौराहे से थाना तक वही दूसरी ओर चौराहे से फॉरेस्ट नाका तक सफाई करते हुए गंदगी साफ की गई।

**स्वच्छता बनाए रखने और जागरूक करने संजय यादव ने दिलाई शपथ।** सफाई कार्यक्रम के आयोजन के बाद मुख्य चौराहे में बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी संजय यादव के द्वारा कार्यक्रम में मौजूद व समस्त व्यापारियों को हमेशा नगर को साफ व स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। साथ ही गंदगी फैलने से होने वाली बीमारी और नगर की स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किया । साथ ही अभी को और भी लोगो को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया ।

**स्वच्छता दीदीयों को किया गया सम्मानित** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सीआरपीएफ 74वी वाहिनी के द्वारा हमेशा साफ सुथरा रखने में अहम योगदान देने वाली नगर पंचायत दोरनापाल की स्वच्छता दीदीयों को उपहार देकर सम्मानित किया। और उनके निरंतर सफाई में योगदान के लिए आभार प्रकट किया।

**नगर व क्षेत्र की स्वच्छता व विकास के लिए सीआरपीएफ सदैव तत्पर रहती है - संजय यादव** विगत कई वर्षों से सीआरपीएफ 74वी वाहिनी सुकमा जिले के नक्सल क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास कार्यों के लिए तैनात है। साथ 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा का कार्यक्रम चलेगा और बटालियन के द्वारा यह आयोजन उसी तहत ही आयोजित किया गया। और आगे भी स्वच्छता के लिए बटालियन तत्परता से कार्य करेगी।

# सक्रियता एवं पारदर्शिता के साथ शासकीय कार्यो का करें क्रियान्वयन - मंत्री श्री बघेल

## अवैध अतिक्रमण, रेत खनन एवं मादक पदार्थो पर करें कड़ी कार्यवाही

रुद्रांश दर्पण गरियाबंद

### विभागों में प्रगतिरत कार्यो को तेजी से करें पूर्ण

### जिले के प्रभारी एवं खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने समीक्षा बैठक में दिये निर्देश




गरियाबंद / जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल ने विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की योजनाओं से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिले के अधिकारी केन्द्र एवं राज्य शासन के योजनाओं के मंशानुरूप कार्य करें। उन्होंने सक्रियता एवं पारदर्शिता के साथ शासकीय कार्यों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। मंत्री श्री बघेल ने विभिन्न विभागों में प्रगतिरत कार्यों की जानकारी लेकर सभी कार्यों को समय-सीमा में तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने अवैध अतिक्रमण सहित अवैध खनिज खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सक्रिय होकर रोक लगाने तथा नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में अवैध शराब तथा अन्य मादक पदार्थों के निर्माण एवं बिक्री की शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक जांच करते हुए रोक लगाने एवं संबंधितों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। बैठक में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने विभिन्न विभागों में प्रगतिरत कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बैठक में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अमित तुकाराम कांबले, वनमण्डलाधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह, उप निदेशक उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व श्री वरूण जैन, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव सहित नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री अब्दुल गफ्फार मेमन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री संजय नेताम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष छुरा श्रीमती तोकेश्वरी मांझी, जनपद अध्यक्ष देवभोग श्रीमती नेहा सिंघल, पूर्व संसदीय सचिव श्री गोवर्धन मांझी एवं जिला अधिकारीगण मौजूद रहे। जिले के प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को कहा कि आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध तरीके से त्वरित समाधान करें। उन्होंने विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी मार्गदर्शन एवं निर्देश दिये। मंत्री श्री बघेल ने बैठक में राजस्व विभाग अंतर्गत नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, वृक्ष कटाई, डावर्सन आदि कार्यों की समीक्षा की। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने एम्बुलेंस सुविधा दुरूस्त रखने तथा जनप्रतिनिधियों की मांग पर शोभा एवं मैनपुर क्षेत्र में दो एम्बुलेंस के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रत्येक माह शासकीय राशन दुकानों में राशन भण्डारण एवं वितरण आदि की जानकारी ली। साथ ही आवश्यकतानुसार नये राशन दुकान भवन एवं नये धान खरीदी केन्द्र के प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिये। मंत्री श्री बघेल ने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए छात्रावासों का निरंतर निरीक्षण करने एवं जरूरी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिये। साथ ही पीपरछेड़ी में संचालित एकलव्य विद्यालय में बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जरूरी व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी लेकर कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री बघेल ने पीएम आवास योजना अंतर्गत जरूरतमंद हितग्राहियों को आवास सुविधाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गरीबों का चिन्हांकन कर पीएम आवास योजना अंतर्गत पात्रतानुसार आवास सुविधाएं प्रदान की जाए। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए स्कूल जतन योजना के तहत किये गये कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने मरम्मत एवं निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की शिकायतों पर जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। पीएचई विभाग की समीक्षा में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्य पूर्णता के संबंध में आवश्यक जांच करने के भी निर्देश दिये है। खनिज विभाग अंतर्गत जिले में अवैध खनन के मामलों में लगातार सक्रिय होकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी लेकर समय-सीमा के बाहर कार्यों पर संबंधित ठेकेदारों पर कार्यवाही करने एवं कार्य पूर्णता के संबंध में आवश्यक जांच करने के भी निर्देश दिये।

# आयुष्मान कार्ड के लिए नेहरू युवा केंद्र कवर्धा के वालंटियर्स का सहयोग

**कवर्धा** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त संदर्भित पत्रानुसार राज्य में 20 सितंबर से 30 सितंबर 2024 के दौरान् आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य समिति व नेहरू युवा केंद्र कवर्धा (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के जिला युवा अधिकारी व समस्त वालंटियर्स के साथ बैठक का आयोजन कर आगामी भविष्य में होने वाले ''आयुष्मान पखवाडा, महाअभियान'' की रूप रेखा तैयार किया गया। उक्त पखवाडे में आयोजित किऐ जाने वाले समस्त गतिविधियों एवं हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में कबीरधाम जिले में शत-प्रतिशत हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड अतिशीघ्र बनाये जाने के लिए कार्य योजना व विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। ''आयुष्मान पखवाडा, महाअभियान'' 20 सितम्बर 2024 से 30 सितम्बर 2024 के दौरान आयोजित किया जाएगा। आयुष्मान पखवाडे के अंतर्गत आयुष्मान चौपाल, सभा, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष्मान भारत सायकल, बाइक रैली, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, स्वास्थ्य के लिए दौड़ सहित विभिन्न गतिविधयां की जाएगी।



# बालोद जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में निरंतर जारी है वजन त्योहार



रुद्रांश दर्पण बालोद कलेक्टर श्री इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज आंगनबाड़ी केन्द्र भूलनडबरी का निरीक्षण कर वहां हो रही गतिविधियों का अवलोकन कर दिए आवश्यक दिशानिर्देश।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय में बैठक सम्पन्न



**रुद्रांश दर्पण अनूपपुर** कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार ''स्वच्छता ही सेवा 2024'' अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 पखवाड़े के संचालन के संबंध में गुरूवार को जिला परिवहन अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम की अध्यक्षता में कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी अनूपपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला बस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री छत्रपाल सिंह गहरवार, जिला ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री रामजी मिश्रा, जिला टैक्सी यूनियन के संभागीय अध्यक्ष श्री अरुण तिवारी, जिला टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष श्री रवि तिवारी एवं जिला ऑटो यूनियन के अध्यक्ष श्री जवाहर साहू एवं अन्य सदस्य तथा वाहन स्वामी उपस्थित थे। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत अपने वाहनों, कार्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में यूनियन के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने यूनियन के सभी चालकों, परिचालकों को स्वच्छता अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान करें। साथ ही वाहन में यात्रा करने वाले यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने तथा अभियान में सहभागी बनकर अपने क्षेत्र में जन जागरूकता करने की अपील की उन्होंने निर्देश दिए कि बस वाहन स्वामी अपने वाहनों में डस्टबिन रखना सुनिश्चित करें।

# पीएम आवास योजना के लाभार्थी परिवारों का हुआ गृह प्रवेश एवं सम्मान समारोह

## ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम में लाभा र्थी परिवारों को अतिथियों ने सौंपी मकान की चाबियां

**राजस्थान रुद्रांश दर्पण**
**हनुमानगढ़**

पीलीबंगा-प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थी परिवारों का गृह प्रवेश एवम सम्मान समारोह पंचायत समिति सभागार में हुआ।मुख्य अतिथि विधायक विनोद गोठवाल,एसडीएम अमिता बिश्नोई, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता,देहात मंडल डबली राठान अध्यक्ष सरपंच जगतार सिंह बराड़, सदस्यता अभियान से मालचंद सारस्वत,अमरपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष एड.कुलवंत सिंह चहल, जिला परिषद डायरेक्टर अमनदीप सिंह कंग,देहात मंडल से अरविंद लखासर सहित मौजूद अतिथियों ने पीएम आवास योजना के लाभान्वित परिवारों को मकान की चाबी,श्रीफल, शॉल एवं मिठाई भेंट करते हुए उनका माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।बीडीओ हुकम सिंह राठौड़ ने कहा कि पंचायत समिति ने निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करते हुए लगभग 500 लाभार्थी परिवारों को आवास की चाबियां सौंपी।वही आगामी वित्तीय वर्ष के लाभार्थी परिवारों को भी पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक क्लिक से प्रथम किस्त की राशि का भुगतान होने की बात कही।एडीओ महेंद्र प्रताप ने बताया कि प्रतीक्षा सूची में छूटे हुए परिवारों के सर्वेक्षण के लिए आवास प्लस एप को भी लॉन्च किया गया है।मौके पर पंचायत समिति एईएन राजेंद्र जोहम,एडीओ मालचंद गोगना, अमृत कुमार मीणा,सुखदेव सिंह,सरपंच राजेंद्र भांभू, लेखाधिकारी इमरान मलिक,पंचायत शाखा से महेंद्र सहारन,मुकेश जांदू, मनीराम कस्बा,संजीव कुमार,सरोज घोयल,मनोज संगम,कीमत चहल आदि मौजूद थे।कार्यक्रम समापन पर विधायक विनोद गोठवाल ने स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई।



# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत घर घर मतदाता सर्वे कार्य का किया औचक निरीक्षण

**रुद्रांश दर्पण उमरिया**

**लोढा ग्राम पंचायत के मतदान केन्द्र क्रमांक 21, 22 एवं 23 तथा नगरीय क्षेत्र उमरिया के 134, 139 का मतदाताओ के घर जाकर किया गया निरीक्षण**

उमरिया । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य उमरिया जिले में किया जा रहा है । आयोग के निर्देशानुसार बीएलओ व्दारा घर घर संपर्क कर मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य संपन्न करने के निर्देश है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लोढा के मतदान केन्द्र क्रमांक 21, 22 एवं 23 का औचक निरीक्षण किया । कुशवाहा मोहल्ला लोढा में फूलचंद्र काछी तथा छोटे लाल काछी के घर जाकर बीएलओ के घर संपर्क के संबंध में जानकारी प्राप्त की । फूलचंद्र काछी ने बताया कि उनके घर में 8 मतदाता है । इसी तरह छोटे लाल काछी ने बताया कि उनके घर में 8 मतदाता है । बीएलओ शिक्षक सुग्रीम सिंह व्दारा घर घर संपर्क का कार्य संपन्न किया गया ।

इसी तरह बखरी चौराहा मोहल्ला में जाकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने राकेश पिता राम मिलन यादव तथा अन्य परिवारों से बीएलओ व्दारा घर घर संपर्क अभियान की जानकारी प्राप्त की । बीएलओ शिक्षक नारायण सिंह उइके ने बताया कि रूबी यादव का विवाह अन्यत्र हो गया है , इसलिए इनसे फार्म 7 भरवाकर मतदाता सूची से नाम काटने की कार्यवाही की जा रही है । जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगर पालिका उमरिया अंतर्गत धौडा कालोनी स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 134 एवं 139 के मतदाताओ से मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में जानकारी प्राप्त की । बीएलओ बृजेन्द्र कुमार गुप्ता ने बताया कि यहां घर घर संपर्क का कार्य किया गया है । मतदाता मंगल सिंह पिता सिपाही सिंह ने बताया कि उनकी बेटी नंदनी सिंह एलएलबी कर रही है , उसके नाम जोडने का आवेदन किया गया है । इसी तरह शांति देवी एवं मुन्नी लाल सिंह के घर जाकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ घर घर संपर्क अभियान की जानकारी प्राप्तन की । भ्रमण के दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया, गणेश सोनी, दिलीप श्रीवास, विनीत तिवारी उपस्थित रहे ।





**रुद्रांश दर्पण मैनपुरी** नगला रामलाल और देवकली मे सड़क के बीचो-बीच से 11000 की लाइन के तार लटक रहे। बार-बार सभी से शिकायत करने के बाद भी लाइनमैन तार नही जोड़ रहे है, लाइनमैन गांव के लोगों से लाइन जोड़ने के लिए पैसे मांग रहे हैं, लाइनमैन और अधिकारियों की घोर लापरवाही से कभी भी एक बड़ा हादसा हो सकता है।

# कलेक्टर सुश्री बाफना ने जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर मरीजों के उपचार का जायजा लिया

**रुद्रांश दर्पण शाजापुर**

कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर मौजूद मरीजों की स्थिति और मिल रहे उपचार की स्थिति देखी। उन्होंने मातृ-शिशु चिकित्सालय में मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. एमके जोशी, अस्पताल प्रबंधक सुश्री नेहा सांवले, श्री शैलेन्द्र सोनी, श्री संतोष चौहान भी मौजूद थे। कलेक्टर ने मातृ-शिशु चिकित्सालय भवन में बने डॉक्टरों के कक्ष, प्री एवं पोस्ट लेबर रूम, एचडीयू, ऑपरेशन थियेटर्स, मदर वार्ड, पोस्ट नेटल वार्ड, पीएनजी, एनआरसी, चाईल्ड वार्ड, पीआईसूयू, स्पेशन न्यू बोर्न केयर यूनिट आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेटरनिटी विंग में प्रसवपूर्व एवं प्रसव पश्चात वार्डों का निरीक्षण कर यहां भर्ती माताओं से चर्चा की। इस मौके पर कलेक्टर ने महिला प्रसाधन की स्वच्छता का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने नियमित सफाई करने एवं मरीजों की बेडशीट प्रतिदिन बदलने के निर्देश दिये। इसी तरह कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने निर्देश दिये कि जन सुविधा के लिए संचालित औषधि केन्द्र में फ्रन्ट में टेबल कुर्सी लगाए और दरवाजा खुला रखें। उन्होंने फार्मासिस्ट को निर्देश दिये कि निजी तौर से कोई भी दवाईयां उक्त केन्द्र में नहीं रखें, जन सुविधा औषधि केन्द्र के बाहर चैनल गेट लगाएं। पेयजल व्यवस्था के लिए संचालित प्याउ की मरम्मत कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि एम.सी.एच. भवन के सामने वाली जगह की



सफाई करवाकर मरीजों के परिजनों के लिए बैठने की व्यवस्था करें और भवन में मरीजों के लिए टोकन व्यवस्था लागू करें। उन्होंने एम.सी.एच. भवन में साईनेज एवं पलोर मार्किंग करने, जंग लगी सामग्री को पेंट करवाने, कक्ष क्रमांक 24 में इंडियन टॉयलेट लगवाने, नये रखे गये सफाई कर्मी एवं गार्ड के चरित्र का सत्यापन करवाने, बर्थ वेटिंग रूम के सिविल वर्क के लिए प्रदाय राशि को सामग्री क्रय करने के लिए वरिष्ठ कार्यालय से पत्राचार करने, जिला चिकित्सालय एवं एम.सी.एच. में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए चाय वाले को अंदर नहीं आने देने, एस.एन.सी.यू. में मरीजों की जानकारी के लिए बोर्ड लगाने, वार्मर की संख्या बढ़ाने, एस.एन.सी.यू. में वॉल्टेज की समस्या का निराकरण करवाने, एस.एन.सी.यू. में शासन की गाईडलाईन अनुसार अलग से डी.जी. सेट स्थापित करने, एस.एन.सी.यू. विभाग में नई के.एम.सी. चेयर बढ़ाने, चौकी प्रभारी को सहयोग प्रदाय करने व नियमिता के संबंध में कार्यवाही के लिए पत्राचार करने, पार्किंग व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करने एवं ठेकेदार को तत्काल हटाने, लेब की जाँच में सही रिपोर्ट नहीं आ रही, इसके लिए मशीन का केलीब्रेशन करवाने और रिकार्ड संधारित करने के भी निर्देश दिये।



**रुद्रांश दर्पण ग्वालियर** सामाजिक न्याय मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने आज कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री अमन वैष्णव के साथ ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 38 गोल पहाड़िया तिघरा रोड पर हुए अत्यधिक वर्षा के कारण नुकसान का जायजा लिया।

# परिवहन विभाग कुछ नया अभिनव पहल करें जिससे देश में एक मैसेज जाए -सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी

**रुद्रांश दर्पण नर्मदापुरम**

**दो पहिया वाहन चालकों को अनावश्यक परेशान ना किया जाए बस एजेंटो की मनमानी पर अंकुश लगाई जाए - सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी**

**जिला सड़क सुरक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक संपन्न**

नर्मदापुरम सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कहां की जिला परिवहन विभाग कुछ नया अभिनव नवाचार करें, कुछ अभिनव पहल करें जिससे देश में एक अच्छा मैसेज जाए। सांसद ने कहा कि टू व्हीलर वालों को अनावश्यक रूप से परेशान ना किया जाए, उन्होंने कहा कि वर्तमान में टू व्हीलर चालक अपना ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा के कागज, हेलमेट सभी कुछ दिखाते हैं उसके बावजूद भी अनावश्यक रूप से उन्हें परेशान होना पड़ता है। यह स्थिति निर्मित ना हो। उन्होंने कहा कि इससे जिले की छबि खराब होती है। सांसद श्री सिंह ने कहा कि फोर व्हीलर वालों भी नियमों का उल्लंघन करते हैं। सीट बेल्ट नहीं बांधते हैं उन पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाए। यह दोहरी प्रवृत्ति को रोका जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग सबसे पहले टू व्हीलर चालकों के मन से डर की भावना निकाल दें। हम सब जनता के सेवक हैं, हमारे देश में प्रजातंत्र है। कुछ ऐसा प्रयास किया जाए कि चेकिंग के दौरान आम आदमी के मन में अनावश्यक डर पैदा ना हो। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री चौधरी आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान में जिले में पार्किंग की समस्या है, अत: पार्किंग के लिए अन्य जगहों पर स्थल का चयन किया जाए। बसो के रुकने के स्टांपेज की जानकारी से लोगों को अवगत कराया जाए। सांसद ने कहा कि दो बसों के छूटने के अंतराल पर कम से कम 5 मिनट का समय निर्धारित हो। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि वर्तमान में बस एजेंटो के मध्य आपसी मनमुटाव के चलते यात्रियों को अनावश्यक परेशान होना पड़ता है। अत: बस एजेंटो की रंगदारी और मनमानी पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहां की जितनी भी निर्माण एजेंसियां हैं वे ब्लैक स्पॉट से लेकर स्पीड ब्रेकर तक को प्राथमिकता से देख कर सुधार कार्य करें। इसके पूर्व कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि कुछ बिंदुओं के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बैठक में पार्किंग की समस्या के संबंध में कहां की पार्किंग के लिए नगर निगम अधिकारी को निर्देश दिए कि वह एक कंसल्टेंट की नियुक्ति करें, जो पार्किंग एवं यातायात की एक ठोस योजना बनाकर देंगे। और इस योजना के अनुसार जिले में पार्किंग एवं ट्रैफिक प्लान तैयार किए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अंडरग्राउंड पार्किंग एवं मल्टी स्टोर पार्किंग की



संभावना को भी तलाशा जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि एग्जैक्टिंग पर भी विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। शहर में पार्किंग की जगह सीमित है, अत: सीमित जगह पर ही बेहतर पार्किंग व्यवस्था कैसे संपादित किया जाए इस पर कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार बेतरतीब ढंग से सड़कों को घेरे रहते हैं उन्हें समझाईश दी जाए। मल्टी स्टोरी एवं अंडरग्राउंड पार्किंग पर भी विचार किया जाए और इसके प्रति लोगों के व्यवहार में परिवर्तन लाया जाए। कलेक्टर ने कहा कि इसके लिए सभी को जागरूक करना अति आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि एक प्लान तैयार करके जनता को हम बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकते हैं। विधायक प्रतिनिधि श्री महेंद्र यादव ने कहा कि बड़े त्योहार पर लोग बाहर से आते हैं तब गाड़ी पार्किंग की विशेष रूप से समस्या होती है। इसका स्थाई समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि नगर पालिका ने यातायात विभाग को एक नया वाहन दिया है फिर भी यातायात व्यवस्था शहर में दुरुस्त नहीं है। सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी कहां की निराश्रित मवेशियों के कारण पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था भी प्रभावित होती है। अत: निराश्रित मवेशियों का यथा समय पुनर्वास किया जाए। इसके लिए जिले में कुछ ऐसा प्रयोग किया जाए जिससे देश में एक मैसेज जाए कलेक्टर ने बताया कि जिले में लगभग 5 लाख गोवंश है और गौशालाओं में मात्र 4 हजार मवेशी रखने की क्षमता है। 11 स्थान पर अस्थाई गौशालाएं बनाई गई है। सोहागपुर, माखन नगर, डोलरिया, आंचल खेड़ा में अस्थाई गौशाला में कम संसाधन में बेहतर व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी एसडीएम रात्रि में नेशनल हाईवे पर निगरानी रखकर पशुओं की आवाजाही को रोक रहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि पशु मालिकों को समझाइश दी जा रही है। समझाइश के बाद भी यदि वे पशुओं को सड़कों पर छोड़ना बंद नहीं करेंगे तो नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष श्री पीयूष शर्मा ने कहा कि इटारसी में करोड़ों रुपए खर्च करके नया बस स्टैंड बनाया गया है लेकिन बसों के ना रुकने से वह अनुपयोगी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग बसो के रुकने के निर्देश जारी करें। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों पर वाहन नंबर की बजाय एक-47, राम, बॉस आदि लिखा रहता है , ऐसे वाहनों पर चालानी कार्रवाई की जाए। श्री शर्मा ने कहा कि परिवहन विभाग अभी सिर्फ नर्मदा पुरम में ही वाहन चालकों पर कार्रवाई कर रहा है। ऐसे ही कार्रवाई अन्य तहसीलों में भी की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री गुर करण सिंह ने बताया कि नर्मदापुरम जिले में सबसे कम चालान की कार्रवाई की जा रही है, उसके बावजूद सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं भी जिले में हो रही है। उन्होंने बताया कि निराश्रित पशुओं के पुनर्वास का अभियान चलाया जा रहा है। इसके पूर्व जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई है। महाविद्यालय में शिविर लगाकर छात्र-छात्राओं के ड्राइविंग लाइसेंस प्रति सप्ताह बनाए जा रहे हैं। बिना परमिट और ओवरलोडिंग करने वाले ऑटो चालकों एवं अन्य वाहन चालकों के विरुद्ध नियम अनुसार निरंतर सख्त करवाई की जा रही हैं। अब तक 56 वाहनों से 11 लाख 5 हजार का चालान वसूला गया है। बिना सीट बेल्ट वाले एवं बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई एवं जागरूकता के निर्देश भी दिए गए हैं और समय-समय पर ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जा रही है। बैठक में अन्य सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में शहर के व्यस्ततम मार्गों पर किसी भी स्थान पर यात्री बसों को रोक कर सवारी बैठाने एवं उतरने वाली बसो पर कार्रवाई की जाए। सभी बसें निर्धारित स्टॉपेज पर ही रुके । स्कूली बसों की भी नियमित रूप से जांच चलती रहे। सड़कों पर पेचवर्क के कार्य, ब्लैक स्पॉट सुधारने एवं स्पीड ब्रेकर बनाने के कार्य समय समय पर किए जाते रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्री डीके सिंह, डिप्टी कलेक्टर डाक्टर बबीता राठौर, अन्य प्रतिनिधि गण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उपचुनावः मिल्कीपुर को करोड़ों की सौगात

### सीएम योगी बोले-सपाइयों को दंगा फैलाने का अवसर मत दो



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा और विकास का वातावरण बनाया है। अब प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार की कमी नहीं है। हमने साढ़े छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस को दंगा फैलाने का अवसर मत दो। मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को अयोध्या के मिल्कीपुर में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मिल्कीपुर में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं की सौगात अयोध्या को दी। मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में एक हजार चार करोड़ 74 लाख 63 हजार की कुल 83 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इनमें विधानसभा मिल्कीपुर की कुल 40 परियोजनाएं हैं, जिनकी कुल लागत 4975.06 लाख है।

# 12 ट्रेनें निरस्त कई डायवर्ट

### दिल्ली जाने से पहले देख लें यह चार्ट, मालगाड़ी के डिरेल होने से बाधित हुआ रूट



उत्तर प्रदेश के आगरा रेल मंडल में मथुरा स्थित वृंदावन-अझई के बीच बुधवार की रात तकरीबन 8:18 बजे मालगाड़ी के पटरी से उतरने से आगरा-दिल्ली रूट बाधित हो गया। इस कारण 12 ट्रेनें निरस्त करनी पड़ी। इतनी ही ट्रेनों को रूट बदला गया। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आगरा कैंट स्टेशन पर 250 से अधिक रिजर्वेशन रात तक निरस्त किए गए। ट्रेनें दो से तीन घंटे की देरी से पहुंचीं। हादसे की जानकारी पर आगरा से रेलवे के तकनीकी विभाग के अधिक पहुंचे गए। एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन भी रवाना की गई। वृंदावन के पास मालगाड़ी के 20 डिब्बे पटरी से उतरे। डिब्बों में कोयला लदा था। वो पटरी पर फैल गया। रेलवे ट्रैक को ठीक करने में 10 से 12 घंटे लगने की उम्मीद थी। इससे दिल्ली-आगरा अप-डाउन ट्रैक बाधित हो गया। आगरा से दिल्ली और दिल्ली से आगरा आने वाली ट्रेनें प्रभावित हो गईं। हादसे के बाद ट्रेने नहीं आने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्हें सही जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इस कारण बड़ी संख्या में लोगों ने अपना रिजर्वेशन भी कैंसल करा दिया। वहीं आगरा कैंट स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ लग गई। इस पर रेलवे की ओर से हेल्प डेस्क बनाई गई। यहां पर यात्रियों को ट्रेनों से संबंधित जानकारी दी जा रही थी। दिल्ली से ट्रेनों का रूट बदला गया था। उन्हें गाजियाबाद, एत्मादपुर होते हुए आगरा भेजा गया। इससे दो से तीन घंटे की देरी से ट्रेनें पहुंचीं।

**इनका बदला रूट** मालवा एक्सप्रेस, तमिलनाडु एक्सप्रेस, कर्नाटका एक्सप्रेस, भोपाल एक्सप्रेस, दक्षिण एक्सप्रेस, ऊधमपुर-इंदौर साप्ताहिक एक्सप्रेस, कुरुक्षेत्र-खजुराहो सुपरफास्ट एक्सप्रेस, हरिद्वार-बांद्रा टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति, हरिद्वार-बलसाड़ सुपर फास्ट एक्सप्रेस, नई दिल्ली-बांद्रा स्वराज एक्सप्रेस। यह ट्रेनें देर रात तक गाजियाबाद होते हुए एत्मादपुर के मितावली स्टेशन होते हुए आगरा कैंट पहुंचीं।

**ये ट्रेनें निरस्त** नई दिल्ली इंटरसिटी, आगरा कैंट-पलवल मैमू अप-डाउन, आगरा कैंट-टूंडला जन साधारण एक्सप्रेस अप-डाउन, टूंडला-अलीगढ़ मैमू अप और डाउन, टूंडला-अलीगढ़ अप-डाउन, लखनऊ-निजामुद्दीन एक्सप्रेस, ईदगाह-भरतपुर अप-डाउन की चार ट्रेनें निरस्त की गई हैं।

**चौथी लाइन से गुजारी शताब्दी** डीसीएम प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि मालगाड़ी के डिरेल होने के कारण रूट बाधित हुआ है। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा है। हालांकि चौथी लाइन पर रूट सुचारू करा दिया गया है। इसी लाइन से विशेष ट्रेनों को गुजारा जा रहा है। कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है।

# बाल-बाल बचे भदोही के सांसद विनोद कुमार बिंद, वाराणसी में काफिले की तीन गाड़ियां आपस में टकराईं



वाराणसी जिले के हरहुआ के पास भदोही के सांसद विनोद कुमार बिंद के काफिले की तीन गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।हादसा गुरुवार की सुबह हुआ। सांसद पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। बताया जा रहा है कि ऑल्टो गाड़ी को बचाने में काफिले की तीन गाडियां आपस में टकराईं।

# गाजीपुर में रेल ट्रैक पर लकड़ी का बोटा रखने वाला गिरफ्तार

### बोला- सिरहाने रखकर सोता था, हटाना भूल गया था



गाजीपुर शहर कोतवाली के जमानिया रेलवे ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर लकड़ी का बोटा रखने के आरोपी को पुलिस ने आरपीएफ और जीआरपी की मदद से जमानिया रजागंज रेलवे ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में लकड़ी के बोटा के साथ चिलम भी बरामद की गई है।

**यह है मामला** गाजीपुर सिटी और गाजीपुर घाट स्टेशन के बीच 126/31 किमी के पास 16 सितंबर को स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्सप्रेस के इंजन से ट्रैक पर पड़ा लकड़ी का बोटा टकरा गया था। इससे पाइप फट गई और इंजन फेल हो गया था। ट्रेन करीब ढाई घंटे तक ट्रैक पर ही खड़ी रही थी। औड़िहार जंक्शन से इंजन आने के बाद ट्रेन रवाना हो पाई थी।

**निगरानी के दौरान पुलिस टीम को ऐसे मिला आरोपी** इस मामले में कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्जकर आरोपी की तलाश में जुटी थी। पुलिस टीम ट्रैक की निगरानी करते हुए जमानिया रजागंज रेलवे ब्रिज के करीब पहुंची तो पुल के ऊपर झाड़ी में किसी व्यक्ति के आने की आहट सुनाई दी। इसी दौरान एक व्यक्ति हाथ में लकड़ी का गुटका लिए पुल से उतरकर रेलवे ट्रैक की तरफ बढ़ता दिखाई दिया। पुलिस ने घेरकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सुहवल गांव निवासी आशीष गुप्ता बताया।

**जानवर भगाने के लिए साथ में रखता था लकड़ी का बोटा** प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल पांडेय के मुताबिक इस मामले में पकड़े गए आरोपी को नशे की लत के कारण उसके पत्नी और बच्चे चार साल पहले ही छोड़ चुके हैं। पूछताछ में उसने बताया कि घर से अलग रहने के कारण वह रेलवे ब्रिज के नीचे ही कोने में रात गुजारता है। देर रात तक घूमने के बाद अक्सर रात में पुल के नीचे नशा करने के बाद सो जाता है। ब्रिज के नीचे सोते समय वह लकड़ी को बोटा अपने पास रखता है, ताकि कोई जानवर आने पर उसे भगाया जा सके। उसी लकड़ी के बोटे को सिर के नीचे रखकर सो भी जाता है। उसने स्वीकार किया कि 16 सितंबर को भी वह सिरहाने लकड़ी रखकर सो रहा था। नशा अधिक होने के कारण लकड़ी को ट्रैक से हटाए बिना ही चला गया था।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो सगी बहनों की मौत

### हादसे को अंजाम देकर फरार हो गया वाहन



सीतापुर जिले की कोतवाली लहरपुर क्षेत्र में भदफर चौकी के तहत आर्यावर्त बैंक के सामने मॉर्निंग वॉक पर निकली तीन किशोरियों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें दो सगी बहनों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं, एक अन्य घायल हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घायल किशोरी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के भगरपुरवा के मजरा रुखारा निवासी आरती (12) व रंजना (10) मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं तभी आर्यावर्त बैंक के सामने एक अज्ञात वाहन ने दो किशोरियों को रौंद दिया। दोनों की मौके ओर मौत हो गई साथ मौजूद एक अन्य किशोरी खुशबू (14) घायल हो गई। टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस वाहन की तलाश कर रही है। वहीं, पुलिस ने दोनो किशोरियों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भाजपा विधायक के मामा की हत्या...घर में घुसकर बदमाशों ने मारी गोली

## वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार

अमरोहा की हसनपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक महेंद्र खड़गवंशी के मामा की सोते समय गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना से गांव में रोष फैल गया है। पुलिस की टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है। बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र के गांव घंसूरपुर में हसनपुर के भाजपा विधायक महेंद्र खड़गवंशी के 70 वर्षीय मामा सत्यप्रकाश खड़गवंशी का परिवार रहता है। सत्यप्रकाश खड़गवंशी रोजाना घर के पास ही बनी पशुशाला में सोया करते थे। बुधवार की रात को ही वह पशुशाला में टीनशैड के नीचे चारपाई पर सो रहे थे। मध्य रात्रि में कुछ बदमाशों ने पशुशाला में दाखिल होकर उनके सीने में बाईं तरफ गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके की तरफ दौड़े। इस दौरान बदमाश फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। इसके बाद उन्हें अमरोहा और अमरोहा से मुरादाबाद ले जाया गया। जहां रात दो बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत के बाद उनके शव को वापस गांव ले जाया गया। मौत की सूचना से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई और ग्रामीणों में रोष फैल गया। घटना की सूचना मिलने पर विधायक महेंद्र खड़गवंशी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान स्थानीय पुलिस और सीओ दीप कुमार पंत भी पहुंच गए और जांच पड़ताल शुरू की गई। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस घटना को किसी रंजिश से जोड़कर देख रही है। फिलहाल घटना के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है। सीओ दीप कुमार पंत क्या कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



स्वामी प्रकाशक एव मुद्रक अंतरिक पवार द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स , प्लाट न. 26 बी दशबंधु परिसर प्रस कॉम्प्लक्स जोन 1 एम. पी. नगर भोपाल म. प्र. 462011 स मुद्रित एव ज 144 तृतीय तल हर्षवर्धन नगर भोपाल मध्यप्रदेश 462003 स प्रकाशित
संपादक : अंतरिक्ष पवार मोबाइल नं. 8770227143 सहसंपादकः मोनिका सूर्यवंशी मोबाइल नं. 8224095350 समस्त न्यायिक कार्यवहियो के लिए क्षत्राधिकारी भोपाल न्यालय का रहेगा RNI No. MPHiN/2016/67534